दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। शनिवार 20 जुलाई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 281 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# नगर निगम के इतिहास में ऐसा हुआ सभागार में पहली बार भरे गए कार्यकारिणी चुनाव के लिए पर्चे, पर नहीं हुआ मतदान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम गाजियाबाद के सदन में कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव होना था। सुबह 11:30 बजे से लेकर 2 बजे तक का कार्यक्रम नगर निगम के अधिकारियों और निर्वाचन को लेकर कार्यक्रम रखा गया था। वंदे मातरम के साथ शुरू हुआ निर्वाचन का कार्यक्रम आधी दूरी पर ही पहुंचा था, कि निगम के सदन में जो हंगामा और गतिरोध का सिलसिला शुरू हुआ, वह लंच के बाद समाप्ति की ओर जाकर समाप्त हुआ। नगर निगम के जानकार बताते हैं कि नगर निगम के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब सभागार में निगम कार्यकारिणी चुनाव के लिए पर्चे भरे गए हों लेकिन मतदान न हो सका। सदन में पहले चुनाव कराने को लेकर हाए-तौबा वाला माहौल मचा और फिर जब बात चुनाव की ओर बढ़ी तो गतिरोध के बाद इसे समाप्त कर दिया गया।

**वंदे मातरम के साथ शुरू हुआ निर्वाचन का कार्यक्रम**

अब अगली तिथि क्या होगी, इसे भी अभी तय नहीं किया गया है। वहीं 20 जुलाई शनिवार को होने वाली किराया बढ़ोत्तरी के संबंध की निगम की बैठक को भी स्थगित कर दिया गया है। वहीं शुक्रवार को नगर निगम में सुबह 10 बजे से ही सफाई कर्मचारी यूनियन के बैनर तले बड़ी संख्या में सफाई निगम के विरोध में बैठ गए थे। तो सदन शुरू होने के कुछ देर पहले ही बड़ी संख्या में व्यापारी अतिक्रमण और किराया बढ़ोत्तरी के विरोध में हंगामा शुरू हो गया था, जो नगर निगम कार्यकारिणी सदन खत्म होने के बाद भी जारी रहा।





## यह रखा गया था निर्वाचन कार्यक्रम

- नामांकन पत्र दिए जाने का समय सुबह 11 :30 से 12 :00 तक का।
- वही 12 :00 से 12 :15 तक नामांकन पत्र भरकर जमा करने का।
- 12 :15 से 12 :45 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होनी थी।
- 12 :45 से लेकर 1 :00 बजे तक नाम वापसी का समय था।
- 1 :00 बजे से 2 :00 बजे तक मतदान कार्यक्रम यदि आवश्यक हुआ तो रखा गया था
- 2 :00 बजे मतों की गिनती और परिणाम का कार्यक्रम था लेकिन यह हो नहीं सका।



## इन पार्षदों ने लिए थे नामांकन पत्र

**करंट क्राइम** :शुक्रवार को नगर निगम कार्यकारिणी में 6 सदस्यों के लिए मतदान होना था। इसके लिए कई पार्षदों ने नामांकन पत्र खरीदे। इसमें पक्ष से लेकर विपक्ष वाले शामिल रहे। नामांकन पत्र लेने वालों में पार्षद पूनम सिंह, नीलम भारद्वाज, नरेश कुमार, संजय सिंह, नीरज गोयल, राजकुमार भाटी, अमित मुद्गल, नरेश भाटी, चौधरी मुस्तकीम, राजीव शर्मा और जोगिंदर मुख्य रूप से रहे जिन्होंने नामांकन पत्र लिए थे।



## जब महापौर ने दी पार्षद नीलम भारद्वाज को खुली चेतावनी



करंट क्राइम : निगम कार्यकारिणी के चुनाव के लिए नामांकन पत्र ले लिए गए थे, उनको भरकर जमा कर दिया गया। इसी बीच महापौर सुनीता दयाल ने किसी पार्षद का नाम बिना लिए कहा कि क्या तुम्हारे आसपास जो महिलाएं-बहनें बैठी है वह तुमको वोट दे देगी। कितने वोट मिल जाएंगे। पार्टी से बड़े मत बनो, जो संगठन और पार्टी का फैसला है, उसे सभी को मनना होगा। इस पर पार्षद नीलम भारद्वाज खड़ी हो गई। नीलम भारद्वाज का विरोध देख पार्षद संजय सिंह भी गुस्से में आ गए थे। इस दौरान पार्षदों की सदन के आगे भीड़ जमा हो गई थी।

## पार्षद संजय सिंह ने सबसे पहले वापस लिया था नामांकन पत्र और कोटा सिस्टम पर जताई नाराजगी



करंट क्राइम : वार्ड-100 से नगर निगम के पार्षद संजय सिंह इस दौरान आकोर्षित हो गए। उन्होंने तेज आवाज में कहा कि चुनाव लड़ने का अधिकार सभी को है। जिस पर महापौर ने उनसे कहा कि भाजपा के टिकट पर ही पार्षद चुने गए हो। वैसे वोट नहीं मिलते। संजय सिंह भी आकोर्षित हो गए और उन्होंने कहा कि वह कोटा सिस्टम का विरोध करते हैं। 27 साल से वह भी राजनीति कर रहे हैं। 8 साल से पार्षद हैं लेकिन जिस तरीके का व्यवहार सदन में हो रहा है, उसपर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सबसे पहले अपना नामांकन पत्र वापस लिया था। संजय सिंह के नामांकन पत्र वापसी के बाद जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ और फिर नीलम भारद्वाज ने भी नामांकन पत्र वापस किया था। इसके साथ ही पार्षद जोगिंदर ने भी नामांकन पत्र को वापसी कर दिया था।

## जब निगम में पहुंचे भगवा कमांडर और भाजपा के वरिष्ठ नेता



करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव शुरू होने से पहले ही हंगामे और विरोध के शोर शुरू हो गए थे। हंगामा बढ़ा और हॉटटोक हुई तो संगठन की ओर से भाजपा महान नगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की एंट्री के समय उनके साथ पार्षद सचिन डागर, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय मोहन, पप्पू पहलवान सहित अन्य संगठन के चेहरे नगर निगम में पहुंच गए और पूरा कार्यक्रम बैक द सदन चलता रहा। इस दौरान कई बार मीटिंग और फोन कॉल का सिलसिला भी चला।

## पार्षद राजीव शर्मा ने खूब छकाया, बाद तक होता रहा वेट

करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी के लिए 6 लोगों को चुना जाना था। जिसमें चार नाम भारतीय जनता पार्टी की ओर से पहले ही तय कर दिए गए थे। इसमें पूनम सिंह, नरेश भाटी



,नीरज गोयल और अमित मुद्गल का नाम पहले ही फाइनल हो चुका गया था। माना जा रहा था शुक्रवार को एक नाम और नाम आ सकता है और एक नाम विपक्ष से आएगा। विपक्ष से सदन के भीतर चौधरी मुस्तकीम के नाम की सभी को जानकारी हो गई थी। इसी बीच राजीव शर्मा अड़ गए और उन्होंने कहा कि वह कार्यकारिणी का चुनाव लड़ेंगे जो रिजल्ट होगा, वह उनको मान्य होगा।

## जब चुनाव कार्यक्रम में फैल गया रायता



करंट क्राइम : पार्षद नीलम भारद्वाज को धमकाने और उनके नामांकन पत्र वापस करने के बाद संजय सिंह और जोगिंदर के नामांकन पत्र वापस होते-होते नगर निगम चुनाव कार्यक्रम में रायता फैल चुका था। इसी बीच भाजपा पार्षद राजीव शर्मा भी चुनाव लड़ने के लिए लड़ गए। उन्होंने कहा कि उनके पास पैनल हैं लेकिन जब पूरी प्रक्रिया शुरू हुई तो वह संगठन के सामने पैनल पेश नहीं कर पाए थे। इस रायता फैलने के दौरान संगठन से लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता सदन के कई प्रमुख चेहरे और खुद महापौर को मध्यस्ता तक करनी पड़ी।

## इसलिए राजीव शर्मा ने पांचवें कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भरा था पर्चा



करंट क्राइम : शुक्रवार को नगर निगम की कार्यकारिणी के लिए चुनाव की प्रक्रिया होनी थी, लेकिन हंगामा, विरोध और कहासुनी के बीच पूरा कार्यक्रम ही बिगड़ गया। राजीव शर्मा ने संगठन और महापौर के सामने कहा कि वह पांचवें कार्यकारिणी सदस्य के रूप में इसलिए आ रहे हैं क्योंकि वरना विपक्ष के दो नाम आ जाएंगे और जब हम पर संख्या बल है, तो हम खुद ही चुनाव मैदान में क्यों ना आए। दरअसल जानकारी यह मिल रही थी कि मुस्तकीम के पास केवल तीन वोट हैं जबकि पार्षद राजीव शर्मा ने 27 वोट होने का दावा किया था। उधर जानकारी मिली है कि जब पैनल द्वारा ऊपर बैठक करते हुए नाम मांगे गए तो राजीव शर्मा के जो वोट थे वह पैनल के रूप में भाजपा संगठन के सामने आने से हिचकिचा रहे थे, जिससे बात खराब हो गई।

## निगम के थर्ड फ्लोर पर हुई थी गुप्त बैठक



करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी के नामांकन पत्रों की वापसी जांच कार्यक्रम के बीच लंच की घोषणा हो गई थी। लंच के बाद माहौल बन नहीं पाया। इसके बाद बताया जा रहा है कि नगर निगम के थर्ड फ्लोर पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष और महापौर के साथ संगठन की एक बैठक हुई। वहां राजीव शर्मा को कहा गया कि वह पैनल के सामने अपने वोट प्रदर्शित करें लेकिन वह नहीं कर पाए। उधर बताया जा रहा है कि नगर निगम में ऐसा पहली बार हुआ है कि नामांकन पत्र भरे गए हों और मतदान नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि राजीव शर्मा को पड़ने वाली वोटों ने सार्वजनिक रूप से सामने आने से मना कर दिया।

# कांवड़ यात्रा को लेकर डीसीपी सिटी जोन ने किया रूट का निरीक्षण

## जानी पुलिस की कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाएं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** 22 जुलाई से सावन मास की कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा ट्रैफिक से लेकर सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया गया है।

इसी कड़ी में गाजियाबाद सिटी जोन के डीसीपी राजेश कुमार ने सिटी जोन में आने वाले नंदग्राम थानाक्षेत्र, घंटाघर कोतवाली, कवि नगर, मधुबन बापूधाम, सिहानी गेट और विजयनगर का दौरा किया। इस दौरान यहां के लोकल एसीपी उनके साथ मौजूद रहे और थाना प्रभारियों से उन्होंने कावंड़ यात्रा को लेकर कार्यक्रम होने वाले आयोजन और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।





## डीसीपी सिटी ने कांवड़ शिवर को लेकर ली जानकारी

**करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा के लिए हुए निरीक्षण के दौरान डीसीपी सिटी आईपीएस राजेश कुमार ने एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव और एसीपी नंदग्राम रवि सिंह से अलग-अलग स्थान पर लगने वाले कांवड़ शिविर के बारे में जानकारी हासिल की। यहां कांवड़ संचालकों द्वारा जो व्यवस्था की गई है, उसको भी पूछा।

वहीं उन्होंने एसीपी कवि नगर से उनके कवि नगर और मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के अन्य कांवड़ शिविरों और रूट के बारे में भी जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी और एसएचओ रवि बालियान भी मौजूद रहे।



# नेमप्लेट विवाद : पूरे यूपी में आदेश लागू कराने के फैसले से सहयोगी दल खफा

## जेडीयू व आरएलडी ने जताई नाराजगी

**मेरठ।** कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों पर नाम व पहचान बड़े अक्षरों में लिखने पर छिड़ी बहस थमने का नाम नहीं ले रही है। वहीं इसे लेकर केंद्रीय सियासत में भी उबाल आ गया। कांग्रेस, जेडीयू और रालोद नेता भी इसके विरोध में उतर आए हैं। कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों पर प्रमुखता से नाम प्रदर्शित करने पर देशव्यापी बहस छिड़ चुकी है। एक तरफ नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है, दूसरी तरफ दुकानों के बाहर नाम प्रदर्शित करने का सिलसिला जारी है। वहीं सीएम योगी ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए साफ कह दिया है कि पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्गों पर दुकानदारों को नाम लिखना होगा। इससे सहयोगी दल भी खफा हो गए हैं। बहस और नेताओं की जुबानी जंग के बीच गुरुवार शाम को और शुक्रवार सुबह दुकानदार व ठेले वाले नाम और पहचान अंकित करते नजर आए।

विपक्षी पार्टियों के नेताओं के साथ-साथ सहयोगी पाटियों की भी नाराजगी झेलनी पड़ रही है। वहीं जेडीयू से लेकर आरएलडी तक की भी नकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई हैं। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ने भी इस निर्देश के लिए नारजगी जाहिर की है। वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ये नफरत को बढ़ावा देने वाला आदेश है, ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उधर भाजपा नेता संगीत सोम ने आदेश का समर्थन करते हुए अखिलेश यादव पर पलटवार किया है।



### पीएम के नारे का उल्लंघन है ये आदेश: केसी त्यागी

जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि बिहार में इससे भी बड़ी कांवड़ यात्रा होती है, वहां ऐसा कोई आदेश लागू नहीं होता। जो प्रतिबंध लगाए गए हैं। वे प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के नारे का उल्लंघन हैं। ये आदेश बिहार, राजस्थान और झारखंड में लागू नहीं है। अच्छा होगा कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए।

### मुख्तार अब्बासी नकवी ने कहा

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कुछ अति उत्साही अधिकारियों के आदेश हड़बड़ी में गड़बड़ी वाली अस्पृश्यता की बीमारी को बढ़ावा देते हैं। आस्था का सम्मान होना ही चाहिए, पर अस्पृश्यता का संरक्षण नहीं होना चाहिए।

### आदेश का समर्थन, अखिलेश यादव कर रहे राजनीति: मौलाना

### शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी

मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि यह निर्देश हिंदू-मुस्लिम टकराव को रोकने के लिए व्यवस्था करने के लिए दिया गया था। मैं इसका समर्थन करता हूं। हालांकि, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे हिंदू और मुसलमानों के बीच विभाजन पैदा न करें।

### रालोद प्रदेश अध्यक्ष बोले-गैर संवैधानिक निर्णय

वहीं रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रशासन को दुकानदारों को अपनी दुकान पर अपना नाम और धर्म लिखने का निर्देश देना जाति और सम्प्रदाय को बढ़ावा देने वाला कदम है। प्रशासन इसे वापस ले। यह गैर संवैधानिक निर्णय है।

हालांकि प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर कार्यकर्ताओं ने टिप्पणी करनी शुरू कर दी है। रालोद के एक कार्यकर्ता का कहना है कि पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बगैर क्रिया के ही प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जब सरकार में भागीदार हैं तो इसे अलग तरीके से डिफाइन नहीं करना चाहिए।

### भाजपा नेता संगीत सोम ने किया आदेश का स्वागत, अखिलेश यादव पर किया पलटवार

भाजपा के फायर ब्रांड नेता कहे जाने वाले संगीत सोम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कावड़ यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार दुकानदारों को अपनी दुकान के बाहर नाम लिखने के लिए कहा गया है, केवल इसी बात को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा जिस प्रकार से आपत्ति व्यक्त की गई है वह उनके घोर सांप्रदायिक चरित्र को उजागर करने के लिए पर्याप्त है। अनेकों बार सोशल मीडिया, टीवी चैनल पर प्रसारित खबरों में देखा गया कि किस प्रकार से एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा किसी भी खाने पीने की वस्तुओं में थूकते हुए, पेशाब करते हुए इस देश के लोगों ने देखा है।









कावड़ यात्रा की पवित्रता को कायम रखने के लिए बहुत जरूरी है कि आस्थावान कावड़ यात्री जिस दुकान से कुछ खाने पीने की वस्तु खरीद रहा है वह जाने कि उसकी तीर्थ यात्रा की पवित्रता को अक्षुण रखने के प्रति वह दुकानदार कितना निष्ठावान है, निसंदेह हिंदू कांवड़ यात्री के आहार की पवित्रता कायम रखने के लिए तीर्थ यात्रियों को यह छूट होनी चाहिए कि वह किस दुकानदार से सामान खरीदे और किससे नहीं, वैसे भी यह उपभोक्ता के अधिकार का मामला है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह आदेश स्वागत योग्य है और मैं मुक्त कंठ से इसकी सराहना करता हूं।

### पारदर्शिता में कोई बुराई नहीं: कपिल देव अग्रवाल

कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि विपक्ष बेवजह मामले को तूल दे रहा है। पारदर्शिता में क्या बुराई है। नियम किसी जाति के लिए या धर्म के लिए नहीं है। सर्वसमाज के दुकानदारों को ऐसा करने के लिए कहा गया है।

### संजीव बालियान ने अखिलेश पर साधा निशाना

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से जारी आदेश, जिसमें सभी दुकानों पर नाम लिखना, जो सभी के लिए अनिवार्य है, एक पूर्व-प्रचलित व्यवस्था है। 2013 के दंगों के समय सपा सरकार द्वारा केवल मुस्लिमों को विस्थापित मानकर पांच लाख रुपये के मुआवजे का आदेश एक धार्मिक विभेद था।

### सपा सांसद बोले-मुजफ्फरनगर के नाम पर ना करें राजनीति

मुजफ्फरनगर से सपा सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि मुजफ्फरनगर के नाम पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए ।सभी को सांप्रदायिक सौहार्द बनाकर रखना है।

### दंगा झेल चुके, नई शुरूआत नहीं होने देंगे

भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि मुजफ्फरनगर के लोग 2013 का दंगा झेल चुके हैं। इस तरह की नई शुरूआत नहीं होने देंगे। हिंदू और मुस्लिम सब मिलकर कांवड़ यात्रा निकलवाते हैं। कांवड़ के समय नई परंपरा शुरू नहीं होने देंगे। ट्रेनिंग सेंटर नहीं बनने देंगे। दंगा बाहर के लोग करके जाएंगे और मुजफ्फरनगर को झेलना पड़ेगा।

### मामले को जाति-धर्म से नहीं जोड़ें

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि मामले को जाति या धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। नियम सर्वसमाज के दुकानदारों के लिए हैं। दुकानों के बाहर सामान्य तौर पर सभी अपना नाम लिखते हैं। विपक्ष बेवजह माहौल खराब करना चाहता है। जिले के सभी लोग एक साथ हैं।

# व्यापारियों ने दिखाया किराया बढ़ोत्तरी पर आक्रोश, नहीं निकला समाधान

## नगर निगम पर सुबह से लेकर शाम तक चला व्यापारियों का प्रदर्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम क्षेत्र में आने वाली 1702 दुकानों के किराया बढ़ोत्तरी को लेकर शुक्रवार को भी हल नहीं हो पाया। नगर निगम की निगम कार्यकारिणी बैठक थी, सुबह से ही बड़ी संख्या में व्यापारी घंटाघर से प्रदर्शन करते हुए नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और यहां अधिकारियों और निगम के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम रखा। भारी संख्या में यहां पुलिस बल और सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो। व्यापारियों ने कई बार नगर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अधिकारियों के समझाने के बावजूद भी वह नहीं माने। हालांकि जब निगम का सदन समाप्त हुआ तो नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक पार्षदों के साथ पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत कर हल निकालने का प्रयास किया लेकिन बात बनने के बजाय बिगड़ गई।

इस दौरान नगर निमग के पार्षद और व्यापारी आमने-सामने आ गए। काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला और इसके बाद अधिकारी और पार्षद पीछे नगर निगम मुख्यालय में चले गए। तो वहीं व्यापारी भी नारेबाजी करते हुए निगम से निकल गए। प्रदर्शन करने वाले व्यापारी नेताओं का कहना है कि सर्व समाज व्यापार मंडल समस्त व्यापारीगण शुक्रवार को इकट्ठे हुए अधिकारियों से बातचीत की गई लेकिन हल नहीं निकल पाया।



### व्यापारियों ने सौंपा नगर आयुक्त को ज्ञापन

**करंट क्राइम।** सर्व व्यापार मंडल एवं समस्त व्यापारियों ने शुक्रवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को 1702 पीड़ित दुकानदारों की आवाज उठाते हुए किराया वृद्धि के विषय के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। इससे पूर्व भी इसको लेकर कई ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं लेकिन अभी तक किराया बढ़ोत्तरी को लेकर हल नहीं निकल पाया है।

### नगर आयुक्त ने किया बातचीत का प्रयास

**करंट क्राइम।** निगम कार्यकारिणी की चुनावी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई लेकिन जब यह कार्यक्रम संपन्न हुआ तो नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक खुद बाहर पहुंचे और व्यापारियों से मुलाकात कर उन्होंने कहा कि यह 98% पार्षदों का निर्णय है कि किराया बढ़ाया जाए। किराया बढ़ाने की दरों को लेकर कई बार मीटिंग हो चुकी है लेकिन हल नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने कहा है कि एक बार फिर सदन में इस विषय को रखा जाएगा, इस दौरान तमाम व्यापारी नेता और हिंदू संगठन के नेता यहां जमा हो गए थे। हालांकि बिना किसी वाद-विवाद के शुक्रवार का पूरा दिन यह मामला चलता रहा और हल भी नहीं निकल पाया।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच ने किया एक और किडनी रैकेट का पकड़ा

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी की पुलिस ने एक और किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। क्राइम ब्रांच ने पांच राज्यों में फैले एक बड़े किडनी रैकेट में शामिल कुल पंद्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच चाणक्य पुरी की एक टीम ने एक अंतरराज्यीय अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और गुजरात में सक्रिय था। अस्पतालों के ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर, मरीजों और डोनर सहित सिंडिकेट के 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि आरोपियों के पास से विभिन्न अधिकारियों के टिकट, मुहर, विभिन्न अस्पतालों और प्रयोगशालाओं के कागजात बरामद हुए। साथ ही किडनी ट्रांसप्लांट के रोगियों और डोनर के जाली कागजात और जाली आईडी सहित कई सामग्री बरामद हुई। उन्होंने बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट के दौरान ठगी को लेकर एक महिला पीड़िता ने शिकायत की थी।



महिला ने संदीप और विजय कुमार कश्यप उर्फ सुमित के खिलाफ शिकायत की थी। महिला ने बताया कि इन दोनों ने किडनी ट्रांसप्लांट के बहाने उसके पति से पैंतीस लाख रुपये की ठगी की है। इस मामले में क्राइम ब्रांच की टीमों ने संदिग्ध के कई ठिकानों पर छापे मारे। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने लखनऊ निवासी आरोपी सुमित उर्फ विजय कश्यप को नोएडा से गिरफ्तार किया। उसके पास से भारी मात्रा में जाली कागजात, स्टांप सील और मरीज/डोनर की फाइलें बरामद की गईं। इसके अलावा उत्तराखंड निवासी संदीप आर्य और देवेंद्र दोनों को गोवा के एक पांच सितारा होटल से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि प्रतिष्ठित अस्पतालों में ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर के रूप में वो काम करते थे। फिर अस्पताल द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को सीखते थे। इसके बाद वे किडनी की बीमारी से पीड़ित और दिल्ली, फरीदाबाद, मोहाली, पंचकूला, आगरा, इंदौर और गुजरात के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों की पहचान करते थे। फिर आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से किडनी डोनरों से संपर्क साधते थे। फिर उन्हें 5-6 लाख रुपये का लालच देकर किडनी डोनेट करने के लिए तैयार करते थे। डीसीपी ने बताया कि आरोपी डोनरों का जाली दस्तावेज भी बनवा देते थे।

# वार्ड 34 में पार्षद खुशीर्दा कल्लन ने किया दो पार्कों के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 34 की पार्षद खुशीर्दा कल्लन ने अप्सरा बॉर्डर जीडीए मार्केट दो पार्क के सौदर्यीकरण विकास कार्य का उद्घाटन किया। पार्क के सौदर्यीकरण व इसको तैयार करने के लिए लगभग 5 लाख रुपये की धनराशि खर्च होगी, ये राशि पार्षद निधि से कार्य को रहा है।

पार्क का उद्घाटन करते समय मार्केट व्यापार एसोसिएशन अध्यक्ष कवलजीत सिंह सिक्का, रामनिवास गोयल, मो हसीन पहलवान उपाध्यक्ष, राकेश वर्मा सचिव, राज सिंह उपसचिव, सतीश चंद जैन, रामस्वरूप यादव, विजय राय, मो अजीम मंसूरी इरफान खान, सद्दाम हुसैन,हरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह,आदि लोग उपस्थित रहें। वार्ड 34 से पार्षद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद कल्लन भी शामिल रहे।।नारियल फोड़कर पार्क के कार्य का उद्घाटन किया। हाजी मोहम्मद कल्लन ने कहा कि पार्क बनने पर लोग यहां सैर कर सकेंगे। पार्क सौंदर्यीकरण जिसमें चारदीवारी के साथ अनेकों फूलदार व छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पार्क में सैर करने के लिए यहां वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा।



## सेना की वर्दी में फिर दिखे चार संदिग्ध, पुलिस ने की घेराबंदी, हर गली-चौराहे पर जवान तैनात

**पंजाब।** पंजाब के पठानकोट में एक बार फिर से चार संदिग्ध देखे गए हैं। चारों सेना की वर्दी में है। सूचना मिलने के बाद पठानकोट में अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुलिस संदिग्धों को ढूंढने के लिए सर्च आपरेशन चला रही है। जेएंडके में हुए आतंकी हमलों के बाद एक बार फिर से पंजाब के पठानकोट में चार संदिग्ध देखे गए हैं। चारों संदिग्ध सेना की वर्दी में हैं। पठानकोट में इससे पहले भी तीन संदिग्ध देखे गए थे, लेकिन पुलिस व आर्मी उन्हें ढूंढ नहीं पाई थी। उसके बाद से ही पठानकोट पुलिस ने सुरक्षा का घेरा पूरी तरह से कड़ा किया है। फिर भी संदिग्धों की जिले में दूसरी बार मूवमेंट देखी गई है। ऐसे में जेएंडके व हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे नाकों पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई हुई है। पठानकोट के हलका सुजानपुर क्षेत्र के गांव पडियां लाहड़ी निकट चक्क माधो सिंह में सेना वर्दी में चार संदिग्ध देखे हैं। जिस जगह संदिग्ध देखे उक्त खेत का मालिक मनवाल बाग का रहने वाला है और उसने जमीन की देखभाल के लिए 50 वर्षीय रूपलाल नाम को रखा हुआ है। इस पूरे वाक्य ने जिले में दोबारा दहशत का माहौल बना दिया है। हालांकि इससे पहले देखे गए जिले में संदिग्धों का पुलिस और सेना अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। रूप लाल के मुताबिक रात के समय जब वे फसल को पानी लगाने के लिए एक बजे के करीब खेत में गया तो सड़क की तरफ से उसे चार व्यक्ति आते दिखाई दिए। चारों सेना की वर्दी में थे लंबे-लंबे बूट पहन रखे थे और उन चारों के पास हथियार भी थे। उनमें से एक व्यक्ति ने रूप लाल से पूछा कि आप रात के समय यहां क्या कर रहे हैं।



## पोरबंदर में बाढ़ में फंसे लोगों को किया जा रहा रेस्क्यू

**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर में भारी बारिश की वजह से जलभराव हो गया है। भारी मानसूनी बारिश की वजह से पूरे इलाके में बाढ़ आ गई। दमकल कर्मी इसमें फंसे लोगों का रेस्क्यू कर रहे हैं। दमकल कर्मचारियों ने अभियान के पहले चरण में एक दिव्यांग दंपत्ति को ऑटो रिक्शे से बाहर निकाला। दंपत्ति के ऑटो से सफर के दौरान पोरबंदर आइस फैक्ट्री के पास भारी बारिश की वजह से वे ऑटो रिक्शा में ही फंस गये। भारी बारिश और बाढ़ की वजह से ऑटो रिक्शा पानी में बह गया।

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र MAANVIK GARG का जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन में मेरे पुत्र का नाम DEV GARG दर्ज है जो घरेलू नाम है मेरे पुत्र का सही नाम MAANVIK GARG मानविक गर्ग दर्ज हो भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

अखिल कुमार गर्ग पुत्र सुरेश कुमार गर्ग
निवासी मकान नंबर 324 थाना टावर रोड, न्यू डिफेंस कॉलोनी मुरादनगर, गाजियाबाद

### डासना मसूरी क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र में बिजली बाधित होने से लोग हुए परेशान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सुबह 11:00 बजे से लगभग 7 घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे क्षेत्रीय लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अधिक गर्मी के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई। मसूरी रफीकाबाद, जेल क्षेत्र, आकाश नगर, और औद्योगिक क्षेत्र में बिजली नहीं होने से लोग परेशान रहे। मसूरी जेई ने जानकारी दी कि 33,000 वोल्ट की लाइन का तार टूटने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई थी। अब तार को जोड़ दिया गया है और बिजली वापस आ गई है।

### गाजियाबाद नगर निगम

(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक/012/निर्माण/2024–25 दिनांकः– 19.07.2024

**आर.डी.सी. फ्लाई ओवर के नीचे निर्मित नगर निगम स्पोर्टस प्लाजा का 01 वर्ष की अवधि हेतु संचालन/अनुरक्षण किये जाने के कार्य के लिए सार्वजनिक ऑफर (सील बन्द लिफाफे में) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ऑफर आमंत्रण सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा राजनगर आर.डी.सी फलाई ओवर के नीचे 03 बैडमिन्टन कोर्ट, 01 बास्केट बॉल कोर्ट एवं 01 क्रिकेट कोर्ट को सम्मलित करते हुये स्पोटर्स प्लाजा का निर्माण किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 01 वर्ष की अवधि के लिए नगर निगम स्पोटर्स प्लाजा का संचालन/अनुरक्षण किये जाने हेतु सील बन्द प्रस्ताव/ऑफर आमंत्रित कराता है। इच्छुक ऑफरदाता/फर्म दिनांक 20.07.2024 से दिनांक 27.07.2024 अपरान्ह 2.00 बजे तक नगर निगम मुख्य कार्यालय में तृतीय तल स्थित में मुख्य अभियन्ता कार्यालय कक्ष में अपना सील बन्द प्रस्ताव/ऑफर प्रस्तुत कर सकतें है। उक्त प्रस्ताव दिनांक 27.07.2024 को सायः 04.00 बजे मुख्य अभियन्ता कार्यालय कक्ष में खोले जायेगें। प्रस्ताव सम्बन्धी विस्तृत शर्तों की जानकारी दिनांक 27.07.2024 को 12.00 तक मुख्य अभियन्ता कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम

## टयूटर ने छात्रा के साथ किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय कक्षा दो की छात्रा के साथ टयूटर ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने की बात किसी को बताने पर पिता को गोली मारने की धमकी भी दी गई। बच्ची से दुष्कर्म दो दिन पहले किया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। वह मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते है। उनकी सात वर्षीय पुत्री कक्षा दो की छात्रा है। उनकी पुत्री एक युवक के पास टयूशन पढ़ने के लिए जाती है। दो दिन से छात्रा टयूशन पढ़ने के लिए नहीं गई। गुरुवार को जब मां ने दोपहर तीन बजे के आसपास टयूशन पढ़ने के लिए बच्ची को जाने के लिए कहा तो वह वहां से चली गई। जब वह टयूशन जाने के लिए दबाव डाला तो वह रोने लगी। टयूशन जाने के नाम पर बच्ची के रोने पर उन्हें कुछ शक हुआ। जब बच्ची से टयूशन ना जाने का कारण पूछा तो वह पहले तो वह इधर उधर की बात करती रही,लेकिन वह फिर उसने सबकुछ बता दिया। टयूटर के पास एक दर्जन से अधिक छात्र छात्राएं टयूशन पढ़ने के लिए आते है। बच्ची ने अपने माता पिता को बताया कि मंगलवार दोपहर साढे तीन बजे सभी छात्रों के साथ टयूशन पढ़ रही थी। इसी बीच टयूटर बच्ची को अपने साथ सुनसान स्थान ले गया। आरोप है कि वहां पर उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म का विरोध करने पर बच्ची को मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं किसी को यह बात बताने पर पिता को गोली मारने व बच्ची को चाकू मारकर जान से मारने की धमकी भी दी।

## लोगों से रंगदारी मांग रहे आरोपी को दबोचा

**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस ने लोगों को मोबाइल पर धमकी देकर रंगदारी मांग रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल भी बरामद हुआ है। आरोपी ने फन ऐप के माध्यम से अपने मोबाइल नम्बर पर स्थानीय विधायक का नम्बर फीड कर लिया था और उससे भी रंगदारी मांग रहा था। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि लोनी बार्डर थाने के टीला शहबाजपुर गांव निवासी जाकिर अपराधिक प्रवृति का है,कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर आया है। वह मोबाइल पर लोगों को धमकी देकर रंगदारी मांग रहा था। आरोपी ने बताया कि 19 से 24 जून तक उसने अपने पुराने तथा अपने परिचित सेवकराम के मोबाइल नम्बरों से बिजेन्द्र और उसके बेटे रवि को मार्किट चलाने और काम करने की एवज में धमकी देकर 50 हजार रुपए माहवार की रंगदारी मांग रहा था। जिसके बाद उसने अपनी सिम तोडकर फेंक दी थी।

# अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग को दुरुस्त कराया

**लोनी (करंट क्राइम)।** प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने कावंड मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराकर साफ-सफाई कराई, बिजली के तारों से टच हो रहे पेडों की छंटाई कराई तथा बिजली के पोलों पर पॉलोथिन लगवाई।

नगर पालिका के चीफ सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर संजीव अवाना ने बताया कि कावड मार्ग को दुरुस्त करने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। गत चार दिनों से लोनी नगर पालिका क्षेत्र में भारत सिटी से दिल्ली बार्डर तक मार्ग को अतिक्रमणमुक्त कराया जा रहा था। गुरुवार को मार्ग की साफ सफाई कराई गई। जबकि पेडों से टच हो रहे पेडों की छंटाई कराई गई है और विद्युत पोलों को पॉलोथिन लपेटकर सुरक्षित किया जा रहा है। कई बार विद्युत पोलों में करंट उतर आता है और उससे हादसे की आशंका बनी रहती है।

नगरीय क्षेत्र के मार्ग पर पथ प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है। जबकि सेवाधाम चौकी के पास पुलिस प्रशासन और नगर पालिका का संयुक्त शिविर लगाया जाएगा। कावड मार्ग पर लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरों को इसी शिविर से जोडकर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जबकि शिविर में कावडियों के सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी रहेगी।

### अधीनस्थों को दिए गए आवश्यक निर्देश

संजीव अवाना ने बताया कि गुरुवार को एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती, पालिका ईओ केके मिश्रा, एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा, एसीपी लोनी सूर्यबली मोर्या ने मार्ग पर चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया तथा अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। अवाना ने बताया कि कावड यात्रा के दौरान 24 घंटे सुबह शाम और रात में मार्ग की सफाई के लिए सफाईकर्मियों को अलग अलग टीम में बांटा गया है। कावडियों को शुद्व पेयजल के लिए कावड मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर 10 पानी के टेंकर खडे किए जाऐंगे। जबकि विभिन्न स्थानों पर छह मोबाइल शौचालय खडे किए जाऐंगे। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने बताया कि लोनी क्षेत्र से गुजरने वाले कावडियों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका इंतजाम किया जा रहा है। कावडियों की यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी। जबकि वह भी तहसील कर्मियों की टीम के साथ लगातार गश्त करते रहेंगे और सेवाधाम चौकी के पास कैम्प ऑफिस से लगातार कावड मार्ग की मॉनेटेरिंग करेगें।

### प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.06.2024 को कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्रान्तर्गत पुलिस टीम एवं बदमाशों के मध्य हुई मुठभेड़ के दौरान अपराधी रिहान पुत्र इमरान, निवासी डाबर तालाब थाना अंकुर विहार लोनी गाजियाबाद (उ.प्र.) को स्वयं के शस्त्र से गोली लग गयी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार के दौरान उक्त रिहान की मृत्यु हो गयी है।

उक्त घटना की मजिस्ट्रीयल जांच उप जिला मजिस्ट्रेट लोनी द्वारा की जा रही है। उक्त घटना के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई अभिलेखीय/ मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना या कराना है तो वह 15 दिवस के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में उप जिला मजिस्ट्रेट लोनी के कार्यालय कक्ष संख्याः-03/04 तहसील परिसर लोनी में उपस्थित होकर अपने साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

निखिल चक्रवर्ती
उप जिला मजिस्ट्रेट, लोनी

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...











# बार एसोसिएशन चुनाव में दीपक शर्मा बने अध्यक्ष

**गाजियाबाद, करंट क्राइमः** शुक्रवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद की वर्ष 2024-25 की नई कार्यकारिणी के लिए मतदान हुआ। मतदान को लेकर सुबह से ही अधिवक्ताओं में उत्साह देखा गया। शाम को मतदान खत्म हुआ, तो देर शाम शुरू हुई वोटिंग के बाद चुनाव परिणाम रात 11 बजे के बाद आने शुरू हुए। दिनभर चली वोटिंग में 2,778 वोटरों में से 2,553 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक शर्मा और अन्य पदों के लिए कार्यकारिणी के चेहरों का रिजल्ट घोषित किया गया। देर रात तक चली मतगणना के बाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए दीपक शर्मा विजयी हुए। दीपक शर्मा अध्यक्ष चुने जाने पर बार के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने जीत की खुशी में जमकर नारे लगाए और अध्यक्ष का मुंह मीठा कर उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी। खबर लिखे जाने तक सचिव पद पर मतगणना जारी थी। बताया गया है कि अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जीत के बाद जल्द ही शपथ लेने की घोषणा की है।

**बार एसोसिएशन गाजियाबाद की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ संपन्न**





## कैबिनेट मंत्री , राज्य मंत्री और विधायकों ने किया मतदान







**करंट क्राइम ।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। मतदान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी बार एसोसिएशन गाजियाबाद के लिए मतदान किया। तो वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ ही मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अजीत पाल त्यागी ने भी बार एसोसिएशन गाजियाबाद के मतदान में अपना वोट डाला है। बता दें कि यह विधायक होने के साथ-साथ बार के नियमित सदस्य हैं। जो बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव में मताधिकार का प्रयोग भी करते हैं।

## बार चुनाव में इनको मिली जीत

अध्यक्ष : दीपक शर्मा
वरिष्ठ उपाध्यक्ष : शबनम खान
सह सचिव पुस्तकालय : कमल किशोर
सह सचिव प्रशासन : सोनिका सिंह कोषाध्यक्ष : सचिन गुप्ता
कनिष्ठ उपाध्यक्ष : कपिल त्यागी मोरटा

-----

निर्विरोध चुने गए

वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य

रविंद्र शर्मा, मुकेश कुमार सिद्धार्थ, राजीव कुमार गुर्जर, संगीता, अनिल कुमार

--

कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य

अंकित मित्तल, दीपांशु, देवेंद्र कुमार, कुलदीप चौधरी, संदीप सिंह







## महिला और वरिष्ठ अधिवक्ताओं में दिखा उत्साह

**करंट क्राइम ।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव को लेकर महिला अधिवक्ताओं और वरिष्ठ अधिवक्ताओं में मतदान को लेकर रुझान देखने को मिला। उत्साह के साथ सुबह से लेकर शाम तक महिलाएं और युवा अधिवक्ताओं से लेकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए बार एसोसिएशन गाजियाबाद की कार्यकारिणी के चेहरों को चुनने का काम किया।

# उपचुनाव में भाजपा को भारी ना पड़ जाये किराया बढ़ोत्तरी का ये घमासान

### जनप्रतिनिधि हैं सारे भाजपा के फिर भी नहीं हो पा रहा है किराये का समाधान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर में अब लहर नहीं है और राजनीति का मिजाज तेजी से बदल रहा है। गाजियाबाद की राजनीति भी बदल रही है। अब जनता प्रदर्शन भी कर रही है, धरने भी दे रही है। शुक्रवार को नगर गिनम कार्यकारिणी का चुनाव होने की तैयारी होने की तैयारी हो रही थी तब नगर निगम में दो धरने चल रहे थे। सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे थे और शहर के वो दुकानदार किराया बढ़ोत्तरी को लेकर मैदान में थे जो नगर निगम की दुकानों में किरायेदार हैं। तस्वीर ये बता रही थी कि उपचुनाव में भाजपा को ये किराया बढ़ोत्तरी का ये घमासान भारी ना पड़ जाये। जनता दुकानदार भी है और जनता समाधान चाहती है। सारे जनप्रतिनिधि भाजपा के है और फिर भी 1702 दुकानों के किरायों का समाधान नहीं हो पा रहा है। बड़ी बात ये है कि नगर निगम में प्रदर्शन करने के लिए दो चार या दस व्यापारी नहीं आये थे यहां निगम मुख्यालय में व्यापारियों का एक जमावाडा था। हाय हाय मुदार्बाद के नारे किसके लिए लग रहे थे ये सब सुन रहे थे। अधिकारी क्या बता रहे है ये अलग बात है। लेकिन जनता को उम्मीदें जनप्रतिनिधियों से है और अगर उस छोर से समाधान नहीं निकल रहा है तो एक इंटरनल घमासान शुरू हो जाता है। किराये का जिन्न बोतल से बाहर आ रहा है। नगर निगम एक ऐसा विभाग है जो सीधे जनता से कनैक्ट रहता है। जन आक्रोश अगर जनता का है तो ये आक्रोश के सरकार और जनप्रतिनिधि के खिलाफ है और इस व्यापारी समूह से ये आवाज भी आ रही थी कि चुनाव पास है और अगर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है तो हम किसी के बधुआ मजदूर नहीं है।




## अधिकारी ने समझाया 98 पार्षदों ने दी है अपनी सहमति

**करंट क्राइम।** व्यापारी बढ़े हुए किराये को लेकर आक्रोशित हैं भाजपा बढे हुए हाऊस टैक्स को लेकर विरोध में है और अधिकारी ये समझा रहे हैं कि सारे फैसले हमने खुद ने नहीं ले लिये हैं। इन फैसलों पर जनप्रतिनिधियों ने भी सहमति जताई है। निगम में धरना दे रहे दुकानदारों को अधिकारी ने भी समझाया कि 98 पार्षदों ने किराया बढाने पर सहमति व्यक्त की है और फिर भी कोई बात है तो वार्ता कर ली जायेगी। यहां पर इन दुकानदारों से पार्षदों का सामना हुआ और मेयर ने भी बात की।

## एक दुकान पाल रही है दस इंसानों के पेट

**करंट क्राइम।** नगर निगम की दुकानों का किराया बढ़ गया है। सरकार को बाजार रेट दिखाई दे रहा है लेकिन इन दुकानों के दम पर पलने वाले पेट नहीं दिखाई दिये। 1702 दुकानें हैं और एक दुकान औसत रूप से दस लोगों को पाल रही है। इनमें मालिक, कर्मचारी सब शामिल हैं। एक दुकान से दस लोगों को रोजगार मिल रहा है। अगर किराया बढेगा तो इसका असर सब पर पड़ेगा। यही दुकानदारों के विरोध का आधार है।

## क्या चाहते हैं व्यापारी

**करंट क्राइम।** व्यापारियों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया और कहा कि आपने हमें बढ़े हुए किराये में दस पन्दह या बीस-पच्चीस प्रतिशम कम करने का सुझाव दिया था। हम सभी व्यापारियों ने आपस में चर्चा की और हम इस बात से सहमत नहीं है। इन दुकानों पर हमारी दूसरी तीसरी पीढ़ी काम कर रही है। हम अपने बच्चे पाल रहे हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि नगर निगम द्वारा हर पांच साल में 12.50 प्रतिशत किराये में वृद्धि की जाती थी। यदि आपको लगता है कि पिछले 25 वर्षों से किराया नहीं बढ़ा है तो उन पिछले 25 वर्षों में हर पांच साल को बढ़ाते हुए 12.50 की दर से जो किराया बढ़ सकता है वो हम देने को तैयार हैं। जिन दुकानों का प्रीमियम या कुल मूल्य ले लिया गया है उन दुकानों की रजिस्ट्री कर दी जाये या लीज पर दिया जाये। जिन दुकानों से प्रीमियम नहीं लिया गया है उनसे भी न्यूनतम प्रीमियम लेकर उन्हें पर लीज कर दी जाये।

# कार्यकारिणी चुनाव : मेयर-महानगर अध्यक्ष या राजीव शर्मा में किसकी रणनीति हुई फेल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के इतिहास में ये पहली बार हुआ कि निगम के 75 प्रतिशत सदन पर भाजपा का कब्जा और उसे चार कार्यकारिणी सदस्यों को चुनने में पसीना आ गया। 100 पार्षद जिनमें 75 भाजपा के, मेयर भाजपा की और मोर्चा के भी भाजपा के पार्षदों ने खोल दिया। निगम के इतिहास में पहली बार हुआ कार्यकारिणी का चुनाव स्थगित करना पड़ गया। अब सवाल यही उठ रहा है कि क्या रणनीति कमजोर थी या निगम की मुखिया को यही पता नहीं था कि उनके पार्षद उन्हीं के फैसलों के खिलाफ जा रहे हैं। जो बातें चुनाव से एक दिन पहले बैठकर सुलझाई जा सकती थी। वो बातें पूरी बातें पब्लिक के सामने मंच पर आ गईं। कहने वालों ने यही कहा कि यदि निगम में मुखिया के रूप में मेयर का सिक्का चलता तो निगम कार्यकारिणी का चुनाव नहीं टलता।





## ये थी कोई नाराजगी या मिली थी कहीं से आक्सीजन, जो मोर्चा खुला विदआउट रीजन

**करंट क्राइम।** पहली बार निगम में ये हुआ कि व्हिप जारी होने के बाद पार्षदों ने नामांकन पत्र खरीदे। पूछने वाले यहीं पूछ रहे हैं कि ये पार्षदों की नाराजगी थी या उन्हें कहीं से चुनावी आक्सीजन मिल रही थी कि व्हिप जारी होने के बाद भी पार्षदों ने नामांकन पत्र खरीदे और कार्यकारिणी चुनाव उलझ गया। वैशाली की भाजपा पार्षद नीलम भारद्वाज, भाजपा पार्षद संजय सिंह और भाजपा पार्षद जोगेन्दर सिंह ने सुबह नामांकन पत्र ले लिये। कहानी में मोड तब आया जब हाल ही में पूर्व हुए निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने भी नामांकन पत्र ले लिया। निगम इतिहास में ये बड़ी घटना थी और भाजपा की पूरी चुनावी रणनीति प्रभावित हो गई।

## जब जारी हो गई थी व्हिप तो फिर रणनीति क्यों हो गई फ्लिप

**करंट क्राइम।** भाजपा की बात करें तो यहां चुनाव नगर निगम का हो, चुनाव जीडीए बोर्ड का हो वो किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती। ये भाजपा की खास पहचान है कि यहां चुनाव से पहले कोर कमेटी की बैठक हुई। कोर कमेटी की बैठक में फैसले लिये गये और फिर मीडिया तक तय हुए नाम आये। नाम तय होने के बाद व्हिप जारी हुआ और इसके बाद इफ एंड बट की कोई गुजाईश नहीं रहती। सभी को संदेश पहुंच जाता है औरपार्टी के पार्षद एक जुट हो जाते हैं। ऐसा ही हुआ जब भाजपा की कोर कमेटी की बैठक हुई और नाम तय हुए और ये तय हो गया कि निगम कार्यकारिणी में भाजपा पार्षद नीरज गोयल, भाजपा पार्षद पूनम सिंह, भाजपा पार्षद नरेश भाटी और भाजपा पार्षद अमित मुदगल त्यागी कार्यकारिणी चुनाव लड़ेंगे। चीजें तय होने के बाद ऐसा मोड आयेगा ये किसी को नहीं पता था। सवाल यही उठ रहा है कि जब व्हिप जारी हो गया तो फिर रणनीति कहां से फ्लिप हुई।

## राजीव शर्मा की रणनीति थी तीन वोट वाले मुस्तकीन को रोकना

**करंट क्राइम।** पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने सबसे बाद में नामांकन पत्र लिया। उनका दावा था कि उनके पास 27 वोट हैं और ये वोट नॉन भाजपाई हैं। उनकी रणनीति थी कि तीन वोट वाले मुस्तकीन को रोका जाये। उन्होंने कहा भी कि अगर हम कार्यकारिणी चुनाव नहीं लड़े तो विपक्ष का मुस्तकीन तीन वोटो सहारे चुनाव लड़ेगा और कार्यकारिणी में पहुंच जायेगा।

## राजीव शर्मा हो गये आउट ऑफ रीच तब निगम को बुलाया गया

**करंट क्राइम।** पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने सीन में एन्ट्री ली और नामांकन पत्र खरीद लिया। उनके नामांकन पत्र लेते ही कहानी में ट्विस्ट आ गया और रोचक मोड तब आया जब राजीव शर्मा नामांकन पत्र लेने के बाद गायब हो गये। इसके बाद राजीव शर्मा का इंतजार होता रहा। सब हैरान थे कि वो कहां गये। उनका फोन आउट आफ रीच आ रहा था। राजीव शर्मा हाथ नहीं आ रहे थे तब यहां पर भूमिका बनी की अब राजीव शर्मा के खिलाफ अनुशासनात्म कार्यवाही की जाये। इसी बीच स्टोरी में एन्ट्री राजीव शर्मा के प्रस्तावक अजीत निगम की हुई। निगम को निगम में बुलाया गया और उनसे ये एप्लीकेशन लिखवायी गई कि वो राजीव शर्मा के प्रस्तावक वाला दायित्व वापस ले रहे हैं। हालांकि यहां राजीव शर्मा कमजोर नहीं थे क्योंकि उनके पास 27 वोट का दावा था और अजीत निगम प्रस्तावक वाला नाम वापस ले भी लेते तो उनके लिए प्रस्तावक के लिए और पार्षद थे।

## जब राजीव शर्मा ने कहा मेरे पास हैं 27 वोट तब मेयर ने कहा दिखाओ ये वोट

**करंट क्राइम।** राजीव शर्मा की तलाश हो रही थी और जब अजीत निगम ने प्रस्तावक वाले दायित्व से हाथ हटाया तो राजीव शशर्मा की कॉल कनेक्ट हो गई उनसे मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि आप पहले नगर निगम में आये और जो भी बात करनी है वो सदन में आकर करें। राजीव शर्मा आ गये और यहां पर मेयर सुनीता दयाल और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के सामने मजबूती से इस बात को रखा कि उनके पास 27 वोट हैं। ये 27 वोट बीजेपी के नहीं है। यहां पर राजीव शर्मा ने ये भी गारंटी ली कि क्रास वोट नहीं होगा और पांचवा सदस्य आयेगा। लेकिन महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और सुनीता दयाल तैयार नहीं थे। मेयर ने राजीव शर्मा से कहा कि 27 वोट दिखाओ। तब राजीव शर्मा ने कहा कि मैं यहां नहीं दिखा पाऊंगा लेकिन मैं थर्ड फ्लोर पर आपके ऑफिस में वोट दिखा दूंगा। राजीव शर्मा की बात को मजबूत देने के लिए निगम पार्षद प्रवीण चौधरी भी साथ आये और सहमति बनी की थर्ड फ्लोर पर चलते है। बताते हैं कि थर्ड फ्लोर पर जाने के बाद भी एक घंटा हो गया और राजीव शर्मा ने जो पार्षद बताये थे उतने पार्षद मौके पर नहीं आये।

## जब बढ़ा भगवा घमासान मेयर ने कर दिया चुनाव स्थगित करने का ऐलान

**करंट क्राइम।** नगर निगम से लेकर सरकार तक भाजपा ही भाजपा है और ये पहली बार हुआ कि सदन में मोर्चा भाजपा वालों ने खोर्चा, मोर्चा भाजपा वालों के खिलाफ खुला और संगठन की रणनीति से लेकर मेयर का प्रभाव फेल हो गया। पार्षदों ने कोई महत्व हीं नहीं दिया जबकि मेयर नगर निगम सदन की नेता हैं। वो भाजपा की भी वरिष्ठ नेता हैं। उनका तर्क सिर्फ इतना था कि पांच पार्षद कैसे भेजेंगे। उससे पहले वो चार पार्षदों से संतुष्ठ थीं। मेयर सदन की नेता हैं और वो अगर अपने फैसले पर अडिग रहती तो चुनाव नहीं टलता। लेकिन निगम कार्यकारिणी के इतिहास में पहली बार हुआ कि पहले तो नामांकन पत्र वापस लेने का समय ही दो से तीन बार बढ़ाया गया। विपक्ष के पार्षद भी कहें कि ये क्या माजरा है। इसके बाद भी जब बात नहीं बनी तो मेयर ने अपने कक्ष से नीचे आकर नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव स्थगित होने का ऐलान कर दिया। हर कोई हैरान था कि संगठन की रणनीति कमजोर रही या मेयर का अपने पार्षदों से संवाद ठीक नहीं रहा और अगर मेयर का सिक्का चलता तो निगम कार्यकारिणी का चुनाव ही नहीं टलता।



## आखिर किसे संदेश देना चाहते थे कार्यकारिणी में पहुंचकर राजीव शर्मा

करंट क्राइम। राजीव शर्मा सीनियर पार्षद हैं। हाल ही में पर्ची सिस्टम से वो कार्यकारिणी से आउट हुए हैं और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद से भी वो हटे हैं। शुक्रवार को राजीव शर्मा का अंदाज कुछ ऐसा था कि लो फिर आ गये हम और जब तक तोडेंगे नहीं छोडेंगे नहीं। राजीव शर्मा निगम कार्यकारिणी में इतना जोर क्यों दे रहे थे। बताते हैं कि किसी बड़े अधिकारी को संदेश देने का मामला था।

## जब नीलम भारद्वाज ने लिया नामांकन पत्र और मेयर को आ गया गुस्सा

**करंट क्राइम।** वैशाली की पार्षद नीलम भारद्वाज ने जैसे ही नामांकन पत्र खरीदा तो मेयर ने नाराजगी व्यक्त की। यहां पर दोनों के बीच दोनों के बीच नोक झोंक भी हुई।

## संपादकीय

# परदे के पीछे का सच

देश में हर साल होने वाली नाबालिग लड़कियों की शादी पर हाल में आई रिपोर्ट न केवल हैरान करती है बल्कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और इस पर नए सिरे से काम करने की जरूरत भी रेखांकित करती है। अगर आजादी के आठवें दशक में भी देश में हर मिनट तीन नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है, तो यह स्थिति स्वीकार करने लायक नहीं हो सकती।

ये आंकड़े चुभने स्वाभाविक हैं। लेकिन ज्यादा चिंता की बात यह है कि हमने जाने-अनजाने इस सचाई पर परदा पड़े रहने का इंतजाम कर दिया था। चाहे नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो (ढउफइ) की रिपोर्ट हो या समय-समय पर सरकार की ओर से जारी किए जाने वाले अन्य आंकड़े, कोई भी ठीक-ठीक यह नहीं बताता कि हर साल कितनी नाबालिग लड़कियों को गैरकानूनी ढंग से शादी के बंधन में डाल दिया जाता है।

ऐसा भी नहीं कि ये आंकड़े इस मामले में पूरी तरह चुप्पी बनाए रखते हैं। मिसाल के तौर पर ढउफइ की बात करें तो यह 2018 से 2022 के बीच 3,863 नाबालिग शादी दर्ज होने की सूचना देता है। यह संख्या हकीकत से कितनी दूर है इसका अहसास तब हुआ जब सिविल सोसाइटी संगठनों के नेटवर्क ह्यचाइल्ड मैरिज फ्री इंडियाह्ण से जुड़ी रिसर्च टीम ह्यइंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शनह्ण ने 2011 की जनगणना से जुड़े आंकड़ों के साथ ढउफइ और नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019-21) की सूचनाओं को मिलाकर उनका विश्लेषण किया। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 16 लाख नाबालिग लड़कियों की शादी हो रही है।

यह स्थिति तब है जब भारत में 1929 में ही नाबालिग शादी को प्रतिबंधित किया जा चुका है। जाहिर है, कानून अपनी जगह रहा और समाज अपने ढंग से चलता रहा। हालांकि इस आधार पर कानूनी व्यवस्थाओं को निरर्थक नहीं करार दिया जा सकता। इसका उदाहरण असम है, जहां इसी रिपोर्ट के मुताबिक हालात में आश्चर्यजनक सुधार लाए जा चुके हैं। वहां 2021-22 में हुई नाबालिग लड़कियों की शादी की संख्या 3,225 थी, जो 2023-24 में घटकर 627 हो गई। यह कामयाबी कानून को सख्ती से लागू करने का परिणाम है।

असम की कामयाबी का मतलब यह नहीं कि हर मामले में समाज को कानून के डंडे से हांका जा सकता है या हांका जाना चाहिए। फिर भी याद रखना जरूरी है कि नाबालिग लड़कियों की शादी पर प्रभावी रोक न केवल मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी ला सकती है बल्कि लेबर फोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और जेंडर इक्वलिटी हासिल करने में भी मदद कर सकती है। जाहिर है, सरकारी तंत्र और सिविल सोसाइटी को साथ मिलकर इस लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाने में देर नहीं करनी चाहिए।

# कमजोर वैश्विक संकेतों से गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत शुक्रवार को गिरावट के साथ हुई। बाजार के सभी सूचकांकों में चौतरफा गिरावट देखी जा रही है। सुबह 9:21 तक सेंसेक्स 99 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 81,243 और निफ्टी 64 अंक या 0.26 प्रतिशत गिरकर 24,736 पर था। बाजार का रुझान भी नकारात्मक बना हुआ है। एनएसई पर 1515 शेयर लाल निशान में और 427 शेयर हरे निशान में है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर गिरावट का सबसे ज्यादा दबाव देखा जा रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 591 अंक या 1.03 प्रतिशत गिरावट के साथ 56,520 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 167 अंक या 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,661 अंक पर है। आईटी दिग्गज कंपनी इन्फोसिस के नतीजे उम्मीद से अच्छे आने के कारण आईटी सेक्टर में खरीदारी है। ऑटो, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, पीएसई, फिन सर्विस और पीएसयू बैंक इंडेक्स में दबाव के साथ काम हो रहा है।0 आईटी और एफएमसीजी इंडेक्स में तेजी बनी हुई है। बाजार के जानकारों का कहना है कि बाजार में ओवरवैल्यूड सेगमेंट में बिकवाली देखी जा रही है। वहीं, अंडरवैल्यूड सेगमेंट में खरीदारी की ट्रेंड है। गिरावट का सबसे ज्यादा असर रेलवे और डिफेंस पीएसयू में देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स पैक में इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, आईटीसी, नेस्ले, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर्स हैं। टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील और विप्रो टॉप लूजर्स हैं। एशियाई बाजारों में गिरावट है। टोक्यो, हांगकांग, शंघाई, बैंकॉक, सोल और जकार्ता लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। अमेरिकी बाजार भी गुरुवार को लाल निशान में बंद हुआ था।



# निवेश के लिए भारत को चुन रहे वैश्विक निवेशक : सर्वे

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म बोफा की ओर से एशिया के फंड मैनेजर का सर्वे किया गया है, जिसमें शीर्ष निवेशकों ने जापान, भारत और ताइवान को निवेश के लिए सबसे अच्छा बाजार बताया है। वहीं, चीन और थाईलैंड को अपने पोर्टफोलियो में निचला स्थान दिया है। सर्वे के मुताबिक, 51 प्रतिशत फंड मैनेजर जापान पर ओवरवेटेज हैं, जबकि भारत और ताइवान पर क्रमशः 32 प्रतिशत और 24 प्रतिशत मैनेजर ओवरवेटेज हैं। दूसरी तरफ चीन पर 43 प्रतिशत फंड मैनेजर अंडरवेटेज हैं। बोफा ने रिपोर्ट में बताया कि सेमीकंडक्टर बड़े निवेशकों की पहली पसंद है। इसके बाद टेक हार्डवेयर का नाम है। वहीं, रियल एस्टेट में निवेश करने से निवेशक बच रहे हैं। चीन में सरकारी सेक्टर की कंपनियां वापसी कर रही हैं, जबकि भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र का बोलबाला है। साथ ही बताया गया कि अमेरिका में खपत में धीमापन आया है। भारत में बड़ी संख्या में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) निवेश कर रहे हैं। जून में एफआईआई द्वारा 26,565 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। वहीं, एफआईआई ने इस महीने की शुरूआत से लेकर अब तक 24,000 करोड़ से ज्यादा का निवेश किया है।




# रिजल्ट से पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज के टूटे शेयर




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज आज इस फाइनेंशियल ईयर की पहली तिमाही के नतीजे पेश करेगी। आरआईएल ने अपने लेटेस्ट एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में सूचित किया। रिजल्ट से पहले रिलायंस के शेयर दबाव में हैं। दोपहर पौने दो बजे के करीब रिलायंस बीएसई पर 1.33 पर्सेंट टूटकर 3128.25 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। शेयर बाजार के जानकारों के मुताबिक रिलायंस चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मिले-जुले आंकड़े दे सकती है। स्टॉक बॉक्स के रिसर्च एनालिस्ट प्रथमेश मासडेकर ने कहा, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सालाना राजस्व में वृद्धि देखी जा सकती है। फिर भी, ऑपरेटिंग प्रॉफिट और मार्जिन में क्रमिक गिरावट हो सकती है। रिफाइनिंग मार्जिन कम होने और खुदरा कारोबार में नरमी की वजह से कंपनी का परिचालन प्रदर्शन कमजोर रहने की उम्मीद है। अरिहंत कैपिटल के शोध प्रमुख अभिषेक जैन ने आरआईएल के बी2सी रिटेल सेगमेंट, खासकर जियो के मजबूत प्रदर्शन का अनुमान जताया है। उन्होंने लाइव मिंट से कहा, 'हम करीब 39,900 करोड़ रुपये का एकीकृत एबिटा देख रहे हैं। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के राजस्व में सालाना आधार पर 10% की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है, लेकिन मुनाफा सपाट रहने की उम्मीद है। रिलायंस के शेयर मजबूत बने रहेंगे। चॉइस ब्रोकिंग के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर सुमीत बगाड़िया ने कहा, 'रिलायंस के शेयर मजबूत बने रहेंगे और जब तक यह 3100 रुपये के ऊपर कारोबार कर रहा है, तब तक बाय-ऑन-डिप्स स्टॉक का आइडिया बना रहेगा। इसलिए, जो लोग आरआईएल के शेयरों को अपने पोर्टफोलियो में जोड़ना चाहते हैं, वे 3100 रुपये के स्टॉप लॉस को बनाए रखते हुए 3250 रुपये के शॉर्ट टर्म के लिए मौजूदा मार्केट प्राइस पर के शेयर खरीद सकते हैं। जिनके पास यह स्टॉक है, वे इसे 3100 रुपये प्रति शेयर पर रख सकते हैं।

# 180 रुपये का शेयर 359 रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोलर कंपनी सहज सोलर की शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई है। सहज सोलर के शेयर 90 पर्सेंट के फायदे के साथ 342 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में सहज सोलर (Sahaj Solar IPO) के शेयर का दाम 180 रुपये था।

कंपनी का आईपीओ 11 जुलाई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और यह 15 जुलाई तक ओपन रहा। सहज सोलर के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 52.56 करोड़ रुपये का था। सहज सोलर के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के रटए प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं।

### शानदार लिस्टिंग के बाद शेयरों पर लगा अपर सर्किट

90% के प्रीमियम के साथ लिस्टिंग के बाद सहज सोलर के शेयर अपर सर्किट पर पहुंच गए हैं। सहज सोलर के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 359.10 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

यानी, जिन निवेशकों को आईपीओ में कंपनी के शेयर अलॉट हुए हैं, उनका पैसा पहले ही दिन दोगुना हो गया है। सहज सोलर की शुरूआत साल 2010 में हुई थी। कंपनी रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 97.09 पर्सेंट थी, जो कि अब 71.28 पर्सेंट रह जाएगी। आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल सहज सोलर अपनी वर्किंग कैपिटल रिक्वॉयरमेंट्स और जनरल कॉरपोरेट पर्पज में करेगी।

### 507 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हुआ कंपनी का

सहज सोलर के आईपीओ (Sahaj Solar IPO) को तगड़ा रिस्पॉन्स मिला था। कंपनी के आईपीओ पर टोटल 507.21 गुना दांव लगा। सहज सोलर के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 535.03 गुना सब्सक्राइब हुआ है। सहज सोलर के आईपीओ में नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (NII) का कोटा 862.35 गुना सब्सक्राइब हुआ, जबकि क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) कैटेगरी में 214.27 गुना दांव लगा।

कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स सिर्फ 1 लॉट के लिए अप्लाई कर सकते थे। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को कंपनी के आईपीओ में 144000 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

मेरी खूबियों का एक नमूना आपके सामने रखने जा रहा हूं जरा गौर फरमाना
स्कूल में एग्जाम में
इतिहास के पेपर में
जो प्रश्न नहीं आता था
उसको खाली छोड़ देता था।
लेकिन गलत लिख के कभी इतिहास से
छेड़छाड़ नहीं की।

---

बच्चा पुराने फोटोज वाली एल्बम देखते हुए बोला
मम्मी ये फोटो में आपके साथ जो आदमी खड़ा है वो कौन है?
मम्मी : ये तेरे पापा हैं।
ये सुन कर बच्चा बोला : अगर ये पापा है तो हम जिस गंजे के साथ रहते है वो कौन है?

---

आज का ज्ञान
व्हाट्सएप और फेसबुक छोटे बच्चो के डाइपर की तरह होती है। हुआ चाहे कुछ भी न हो फिर भी हर 5 मिनट में एक बार चेक करना ही पड़ता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।
- पिस्ता में बायोटिन पाया जाता है। बायोटिन बालों को झड़ने से रोकता है। बालों को पोषण प्रदान करता है और मजबूत बनाता है।
- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। मांसपेशियों की ताकत बढ़ाकर दिल मजबूत बनाता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।

## करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

20 07 2024

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




साक्षी अग्रवाल
अभिनेत्री



लक्ष्य राज, हरीश यादव, पूनम चौहान, डॉ प्रियंका शुक्ला, पुजा तिवारी, अमरेन्द्र राय, पंकज मिश्रा, निरंजन सिंघल, आशीष अग्रवाल, गौरव शर्मा, नितिन गुप्ता



राकेश राजपूत, मुकेश कुमार, अर्जुन पुंडीर, इंतजार मलिक, कपिल देव शर्मा, कुंवरपाल, महेश तोमर, मौ. रिजवान, मौसम खान, कृष्णपाल



ओवेश चौधरी, प्रवीण कुमार, आमीन खान, रवि सिंह, शिव प्रताप सिंह, शिवशंकर मौर्य, विनोद कर्दम, वसीम खान, शंकर जी विश्वकर्मा, शीशपाल तोमर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# हार्दिक नहीं, सूर्यकुमार होंगे श्रीलंका दौरे पर टी20 के कप्तान

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की गुरुवार को घोषणा हो गई। सूर्यकुमार यादव को इस टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं, रोहित शर्मा वनडे टीम की कप्तानी संभालते नजर आएंगे। विराट कोहली भी इस दौरे पर वनडे सीरीज का हिस्सा होंगे। इस दौरे पर दोनों सीरीज के लिए शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाया गया है।



### कुलदीप, चहल को नहीं मिल जगह, बुमराह को आराम

टी-20 वर्ल्ड कप की चैम्पियन टीम के तीन खिलाड़ी विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा संन्यास ले चुके हैं। इनके अलावा बुमराह को भी इस सीरीज से आराम दिया गया है। वहीं, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को भी टी-20 टीम में जगह नहीं मिली है। चहल को वनडे टीम में भी जगह नहीं मिली है। वहीं, कुलदीप यादव वनडे टीम का हिस्सा होंगे।

### टी20 सीरीज का पूरा कार्यक्रम

भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का 27 जुलाई से होगा। भारतीय टीम इस दौरे के लिए 20 तारीख के बाद रवाना हो सकती है। हालांकि, बीसीसीआई की तरफ से अब तक इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। दूसरा 28 और तीसरा मुकाबला 30 जुलाई को खेला जाएगा

### जिम्बाब्वे गई टीम के नौ खिलाड़ी टी-20 टीम में, लेकिन अभिषेक और ऋतुराज को जगह नहीं

शुभमन गिल की कप्तानी में जिम्बाब्वे को 4-1 से हराने वाली टीम के नौ खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर टी-20 टीम का हिस्सा होंगे। हालांकि, इस दौरे में शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ टीम में जगह नहीं बना सके हैं। अभिषेक और ऋतुराज के अलावा मुकेश कुमार, आवेश खान, ध्रुव जुरेल, तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, जीतेश शर्मा और साई सुदर्शन भी श्रीलंका दौरे के लिए टीम में जगह नहीं बना सके हैं।

### गिल को मिला इनाम

टीम इंडिया के मुख्य कोच का पदभार संभालने के बाद पहली बार गौतम गंभीर श्रीलंका दौरे पर जाएंगे। उनकी कोचिंग में भारत इस सीरीज को हर हाल में जीतना चाहेगी। इससे पहले टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से जीत दर्ज की थी। हालांकि, इस दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण मुख्य कोच की भूमिका अदा करते नजर आए थे। गिल के नेतृत्व में भारत ने यह सीरीज अपने नाम की थी। इसका उन्हें अब फल मिला है। गिल को टी20 और वनडे दोनों दौरों पर उप-कप्तान बनाया गया है।

# पेरिस ओलंपिक: नीरज चोपड़ा के पास खिताब को डिफेंड कर जैवलिन के 'डॉन ब्रैडमैन' के करीब पहुंचने का मौका

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा एक बार फिर भारत के लिए पदक के सबसे प्रबल दावेदार हैं। टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2023 में भी गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा वह डायमंड लीग 2022 में भी गोल्ड जीत चुके हैं। उन्होंने 2022 के एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था। क्या नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में अपने खिताब को डिफेंड कर पाएंगे, यह देखना दिलचस्प होगा। ओलंपिक के इतिहास में चेक गणराज्य के महान भाला फेंक खिलाड़ी जान जेलेजनी ने लगातार तीन बार गोल्ड जीतकर सबसे ज्यादा बार अपने खिताब को डिफेंड किया है। वह ओलंपिक के साथ-साथ वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भी अपने खिताब को डिफेंड कर रिकॉर्ड बना चुके हैं। जान जेलेजनी को भाला फेंक प्रतियोगिता का डॉन ब्रैडमैन कहा जा सकता है, जिनके रिकॉर्ड को तोड़ना बहुत मुश्किल है। हालांकि, नीरज अगर अपने खिताब की रक्षा करने में कामयाब रहते हैं, तो वह जान जेलेजनी के प्रदर्शन के थोड़ा करीब जरूर आ सकते हैं। नीरज से पहले नॉर्वे के एंड्रियास थॉर्किल्डसेन ने 2004 और 2008 में अपने खिताब को डिफेंड किया था। इससे पहले ऐसा प्रदर्शन 1908 और 1912 में एरिक लेमिंग और 1920 व 1924 में फिनलैंड के जॉनी मायरा ने किया था। तब 1924 का ओलंपिक भी पेरिस में ही हुआ था। इस ओलंपिक में नीरज 90 मीटर की थ्रो को भी छूना चाहेंगे। जान जेलेजनी के नाम ही 98.48 मीटर की थ्रो का वर्ल्ड रिकॉर्ड है, जो उन्होंने जर्मनी में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान बनाया था। विश्व में टॉप-5 भाला फेंक थ्रो की बात करें, तो तीन स्थानों पर जान जेलेजनी का ही नाम है। नंबर एक के अलावा वह नंबर चार और पांच स्थान पर भी हैं। जर्मनी के जोहानस वेटर 97.76 मीटर और 96.29 मीटर थ्रो फेंकने के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर विराजमान हैं। यानी विश्व में टॉप-5 जैवलिन थ्रो (पुरुष) फेंकने के मामले में सिर्फ दो खिलाड़ियों का ही कब्जा है।

### इस ओलंपिक में नीरज 90 मीटर की थ्रो को भी छूना चाहेंगे




नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतने वाले केवल दूसरे एथलीट बने थे। इससे पहले अभिनव बिंद्रा ने बीजिंग ओलंपिक में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीता था। यह मेडल निशानेबाजी में आया था। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक गोल्ड, दो सिल्वर और चार कांस्य पदक के साथ कुल सात मेडल जीते थे। भारत ने पेरिस ओलंपिक में 117 खिलाड़ियों का दल भेजा है, जिसमें एथलेटिक्स में सर्वाधिक 29 खिलाड़ी हैं।

# भारत और पाकिस्तान की टक्कर, स्मृति-शेफाली के सामने निदा डार की चुनौती

**दांबुला।** महिला एशिया कप 2024 का आगाज आज यानी 19 जुलाई से होने जा रहा है। क्रिकेट फैंस के लिए खास बात ये है कि इस टूनामेंट के पहले ही दिन भारत और पाकिस्तान की टक्कर होगी। यह मैच श्रीलंका के दांबुला में होगा, जो भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से शुरू होगा।



क्रिकेट जगत की दो चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें आमने-सामने है। इस मुकाबले को लेकर दोनों देशों के बीच काफी उत्साह रहता है। भारत का अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ बेहतर रिकॉर्ड है। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है जबकि पाकिस्तान ने मात्र तीन मुकाबले अपने नाम किए।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक खतरनाक सलामी जोड़ी है। वहीं पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। ये स्टार ऑलराउंडर गेंदबाजी के दौरान विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए रन भी बनाती हैं। पाकिस्तान के लिए सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। ये दोनों खिलाड़ी भारत को कड़ी टक्कर दे सकती हैं।

महिला एशिया कप में अब तक भारतीय टीम का राज रहा है। उन्होंने आठ में से सात बार इस ट्रॉफी को जीता है और इस टूनार्मेंट में भारतीय टीम गत विजेता के तौर पर भी प्रवेश करेगी जबकि पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड टूनार्मेंट में भारत से काफी पीछे है।

इस बार एशिया कप में कुल 8 महिला टीम हिस्सा ले रही हैं। इन 8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। जिसमें भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल ग्रुप ए में हैं जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड को रखा गया है। हर ग्रुप में टॉप की दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और फिर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# गंभीर ने केकेआर में मेरी मानसिकता बदल दी: हर्षित राणा

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम इंडिया में शामिल किया गया है। हर्षित को जब पहली बार भारतीय वनडे टीम में शामिल करने की खबर पता चली तो उनके मुंह से यही शब्द निकले, 'दिल्ली में दिल टूट सकता है, पर हमने कभी हौसला नहीं हारा'।दिल्ली के साउथ एक्सटेंशन के 22 वर्षीय तेज गेंदबाज हर्षित ने जूनियर स्तर से ही



कड़ी मेहनत की, लेकिन अकसर नजरअंदाज कर दिए जाते। हालांकि, इस साल कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विजयी अभियान में 19 विकेट लेने के बाद वह राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे। हर्षित ने कहा, 'मैं कड़ी मेहनत करने में विश्वास करता हूं लेकिन जब भी आयु ग्रुप की टीम में मेरी अनदेखी होती तो मेरा दिल टूट जाता और मैं अपने कमरे में बैठकर रोता था। मेरे पिता प्रदीप ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी। अगर मुझे अभी तक की मेहनत के लिए तीन लोगों का नाम लेना हो तो इसमें मेरे पिता, मेरे निजी कोच अमित भंडारी सर (पूर्व भारतीय और दिल्ली के तेज गेंदबाज) और गौती भैया (गौतम गंभीर) शामिल हैं।' हर्षित ने कहा, 'अगर खेल के प्रति मेरा नजरिया बदला है तो इसका लेना देना बहुत कुछ केकेआर ड्रेसिंग रूम में गौती भैया की मौजूदगी से है जिन्होंने मेरी मानसिकता को बदल दिया। शीर्ष स्तर पर आपको कौशल चाहिए होता है लेकिन हुनर से ज्यादा आपको दबाव से निपटने के लिए दिल की आवश्यकता होती है।' उन्होंने नए भारतीय मुख्य कोच के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए कहा, 'गौती भैया हमेशा मुझसे कहते मेरे को तेरे पे ट्रस्ट है। तू मैच जीत के आएगा।

## जय शाह ने एशिया कप के लिए भारतीय महिला टीम को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को एशिया कप में खिताब की रक्षा के लिए उतरने वाली भारतीय महिला टीम के लिए एक खास पोस्ट शेयर किया। महिला एशिया कप में सात बार की चैंपियन भारतीय महिला टीम अपने अभियान की शुरूआत श्रीलंका के दांबुला में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। शाह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जब आप आज महिला एशिया कप में अपने खिताब की रक्षा के लिए मैदान पर कदम रखेंगी, तो जान लें कि एक राष्ट्र की उम्मीदें और सपने आपके साथ हैं। आप में से हर कोई सिर्फ एक मैच नहीं खेल रहा है। आप उसकी कहानी बनने जा रही हैं! भारत ने बांग्लादेश के सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित फाइनल में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर 2022 में आयोजित आखिरी महिला एशिया कप जीता था। कहां देख पाएंगे मुकाबला भारत और श्रीलंका में इस मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग डिज्नी प्लस हॉटस्टार के ऐप और वेबसाइट पर होगी।

## क्या ईशान किशन का करियर हुआ खत्म? पिछले आठ महीने से टीम से चल रहे बाहर



**नई दिल्ली।** पिछले साल दक्षिण अफ्रीकी दौरे से वापस आना और फिर घरेलू टूनार्मेंट से बाहर होना ईशान किशन के लिए अच्छा नहीं रहा है। एक बार फिर श्रीलंका दौरे पर सीमित ओवरों की सीरीज के लिए उनकी अनदेखी की गई है। ईशान के साथ एक और खिलाड़ी श्रेयस अय्यर को भी घरेलू टूनार्मेंट को तवज्जो नहीं देने पर भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। हालांकि, इसके बाद श्रेयस ने मुंबई के लिए रणजी सेमीफाइनल और फाइनल खेला और वह फिर से बीसीसीसीआई के रडार पर आ गए। श्रेयस को श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए वनडे टीम में तो चुना गया, लेकिन ईशान किसी भी टीम में जगह नहीं बना पाए।

### श्रेयस की हुई वापसी

श्रेयस और ईशान को केंद्रीय अनुबंध गंवाकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी थी। हालांकि, अब जब श्रेयस की वापसी हो चुकी है तो उन्हें जल्द ही केंद्रीय अनुबंध भी मिल जाएगा। हालांकि, ईशान को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई की नसीहत नहीं मानना पर उन पर कड़ी कार्रवाई हुई है। अगर ईशान यही करना जारी रखते हैं तो उनके करियर पर भी ग्रहण लग सकता है। हालांकि, ईशान के पास काफी समय है और उनके टैलेंट पर कभी किसी को शक नहीं रहा। ईशान की टीम में वापसी के लिए बीसीसीआई ने कुछ शर्तें रखी थीं, जिन्हें उन्होंने मानने से इनकार कर दिया था। अब वह चयन रडार पर भी नहीं हैं। ईशान की जगह रियान पराग तक को भारतीय वनडे टीम में जगह मिली है।

### ईशान इस तरह कर सकते हैं वापसी

अगर सूत्रों पर विश्वास किया जाए तो ईशान तब तक वापसी नहीं कर सकेंगे, जब तक वह घरेलू क्रिकेट का एक पूरा सत्र नहीं खेल लेते। सिर्फ आईपीएल को तवज्जो देने से उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है। ईशान के नहीं होने से संजू सैमसन का फायदा हो रहा है। वह ऋषभ पंत और केएल राहुल के साथ दो सफेद गेंदों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने गए हैं। रियान के अलावा तेज गेंदबाज हर्षित को वनडे सीरीज के लिए चुना गया है। अब मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई है कि ईशान को बीसीसीआई ने सख्त हिदायत दी है। बोर्ड ने एक साल पहले ही कहा था कि जो क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट को तवज्जो देगा, उसे तरजीह दी जाएगी।

### घरेलू क्रिकेट को तवज्जो देगा बीसीसीआई

बीसीसीआई के मीडिया बयान में कहा गया है कि बोर्ड आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी की निगरानी करना जारी रखेगा। असम के रियान पराग को पिछले साल विजय हजारे राष्ट्रीय वनडे में सात अर्धशतक जड़कर उनके शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि राष्ट्रीय चयन समिति घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन को पूरा महत्व देगी। इस साल आईपीएल में केकेआर की तरफ से 19 विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा को वनडे टीम में शामिल किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि चयनकताओं को लगता है कि यह अपने तेज गेंदबाजों के पूल को व्यापक बनाने और यह देखने का सबसे अच्छा समय है कि वे एलीट स्तर पर कैसा प्रदर्शन करते हैं। अभिषेक और ऋतुराज की जगह टीम में नहीं बनी, क्योंकि ये दोनों तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे और सूर्या खुद इस नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे।

### ईशान ने आठ महीने पहले खेला था कोई मैच

ये देखने वाली बात होगी कि ईशान कब से घरेलू क्रिकेट खेलने को चुनते हैं। या फिर अगर वह बीसीसीआई की नसीहतों को दरकिनार करना जारी रखते हैं तो उनके लिए आगे वापसी का रास्ता मुश्किलों से भरा हो सकता है। ईशान ने नवंबर 2023 में पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था जो कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टी20 मैच था। वहीं, उन्होंने पिछला वनडे अक्तूबर 2023 में ही खेला था। जुलाई 2023 में उन्होंने पिछला टेस्ट खेला था। ईशान की गैरमौजूदगी ने ध्रुव जुरेल को टेस्ट डेब्यू का मौका दिया था।

# खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने ओलंपिक के लिए भारतीय दल को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने जा रहे भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया है कि वे देश को गौरवान्वित करेंगे। पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक 2024 से पहले, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और हॉकी विश्व कप विजेता टीम के सदस्य अशोक ध्यानचंद, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और पूर्व विश्व नंबर-1 डबल ट्रैप शूटर रोंजन सोढ़ी, राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण विजेता मुक्केबाज अखिल कुमार, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज अभिषेक वर्मा, दो बार के पैरालिंपिक भाला फेंक चैंपियन देवेंद्र झाझरिया और टोक्यो पैरालिंपिक रजत पदक विजेता डिस्कस थ्रोअर योगेश कथुनिया ने यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में इस मल्टीस्पोर्ट इवेंट के लिए भारत की तैयारी पर चर्चा करने के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया। यह




कार्यक्रम दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया भी मौजूद थे। उनके साथ खेल सचिव सुजाता चतुवेर्दी, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक संदीप प्रधान, डीएसजेए के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी और सचिव सबी हुसैन तथा टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के सीईओ कमोडोर पीके गर्ग भी मौजूद थे। डीएसजेए की कार्यकारी समिति के सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद थे। कार्यक्रम के बारे डॉ. मंडाविया ने कहा, नए युग के भारत ने बहुत प्रगति की है, लेकिन यह तो बस शुरूआत है। 2047 तक, जब हम स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेंगे, हम दुनिया में खेलों में अग्रणी बनने की आकांक्षा रखते हैं और इसलिए, इस तरह के मंचों पर विस्तृत चर्चा करना महत्वपूर्ण है। इन खेलों को कवर करने वाले पत्रकार भी उन भावनाओं को कैद करने के लिए जिम्मेदार हैं, जो एक एथलीट के मन में तब आती हैं, जब वे पदक जीतते हैं या इस स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। मैं अपने एथलीटों को आगामी ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए शुभकामनाएं देता हूं और मुझे यकीन है कि वे हमारे देश को गौरवान्वित करेंगे। झाझरिया, जो भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, 2004 में जब मैं एथेंस पैरालंपिक में गया था, तो मैंने अपनी जेब से पैसे खर्च किए थे। मैं गया और स्वर्ण पदक जीता और विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा। तब से भारतीय खेलों में बहुत प्रगति हुई है। 2008 और 2012 के पैरालंपिक में भाग न लेने के बाद, मैं 2016 के रियो ओलंपिक में वापस आया और स्वर्ण पदक जीता। अब पीसीआई के अध्यक्ष के रूप में मुझे 100 प्रतिशत यकीन है कि हम ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारा लक्ष्य इस बार 25 पदकों की संख्या पार करना है।

# गंभीर की 'एंट्री' होते ही बदल गई टीम इंडिया की तस्वीर

**नई दिल्ली।** भारत का श्रीलंका दौरा, जिसके लिए टीम चुनी जा चुकी है। बतौर मुख्य कोच पहली बार भारतीय टीम चयन में गौतम गंभीर शामिल हुए। टीम इंडिया की ये नई तस्वीर कई सवाल उठा रही है। आखिर, ये बदलाव गंभीर की एंट्री से हुए हैं या कहानी कुछ और है?

रोहित शर्मा के टी 20 से संन्यास लेने के बाद हार्दिक पांड्या की जगह सूर्यकुमार यादव टी20 टीम के नए कप्तान चुन लिए गए हैं। इतना ही नहीं शुभमन गिल को दोनों फॉर्मेट में उप-कप्तान बनाया गया। टीम में कुछ बड़े नाम भी गायब हैं, जिनमें इन-फॉर्म बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़, युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और रवींद्र जडेजा का नाम भी शामिल हैं। इंटरनेट पर फैंस इस टीम के चयन को लेकर दो पक्षों में बटे हुए हैं। जबकि कई बड़े क्रिकेट एक्सपर्ट्स का दावा है कि गौतम गंभीर टीम के मुख्य कोच तो बने हैं लेकिन वो आते ही इतने बड़े फैसले अकेले नहीं ले सकते। इसमें मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और वनडे-टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा का भी हाथ है। हालांकि सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग की बातें अभी सामने नहीं आई हैं। जानकारी के अनुसार, शुभमन गिल को भविष्य में टीम इंडिया के कप्तान का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। जिम्बाब्वे दौरे पर शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया ने सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमाया था। इस सीरीज में गिल का बल्ला भी खूब चला। अब नए कोच गौतम गंभीर की देखरेख में गिल का बड़ा प्रमोशन हुआ है। नए टी20 कप्तान सूर्या 33 साल के हैं। वहीं, शुभमन गिल अभी 24 साल के हैं। ऐसे में गिल के पास कप्तानी को देखते हुए और परिपक्व होने का अच्छा मौका है। क्या वाकई शुभमन गिल भविष्य में टीम इंडिया के कप्तान बनेंगे? सूर्या और रोहित के बाद भारत को कोई न कोई खिलाड़ी चाहिए, ऐसे में टीम मैनेजमेंट ने वनडे और टी20 में गिल को उपकप्तान बनाकर भविष्य को लेकर संकेत दिए हैं।

# 'एक्स' पर भिड़े केशव मौर्य और अखिलेश यादव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में 'मानसून ऑफर' पर वार-पलटवार तेज होता जा रहा है। एक बार फिर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इशारों-इशारों में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव के 'मानसून ऑफर' पर तंज कसा। कुछ समय बाद अखिलेश यादव ने भी पलटवार किया। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मानसून ऑफर को 2027 में 47 पर जनता और कार्यकर्ता फिर समेटेंगे। एक डूबता जहाज और समाप्त होने वाला दल जिसका वर्तमान और भविष्य खतरे में है। वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख सकता है, परंतु पूर्ण नहीं हो सकता। 2027 में 2017 दोहराएंगे, फिर कमल की सरकार बनायेंगे। केशव प्रसाद मौर्य के पोस्ट के कुछ देर बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी एक्स पर जवाब



दिया। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए लिखा, न संगठन बड़ा होता है, न सरकार। सबसे बड़ा होता है जनता का कल्याण। दरअसल, संगठन और सरकार तो बस साधन होते हैं, लोकतंत्र में साध्य तो जनसेवा ही होती है। जो साधन की श्रेष्ठता के झगड़े में उलझे हैं, वो सत्ता और पद के भोग के लालच में हैं, उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है। भाजपाई सत्तान्मुखी है, सेवान्मुखी नहीं। इससे पहले अखिलेश यादव ने 'मानसून ऑफर' का जिक्र करते हुए केशव प्रसाद मौर्य पर तंज कसा था। उन्होंने एक्स पर लिखा था, मानसून ऑफर - सौ लाओ, सरकार बनाओ।" जबकि, केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा था, सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव जी, भाजपा की देश और प्रदेश दोनों जगह मजबूत संगठन और सरकार है, सपा का पीडीए धोखा है। यूपी में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है, भाजपा 2027 विधानसभा चुनाव में 2017 दोहरायेगी।

# पोरबंदर में बाढ़ में फंसे लोगों को किया जा रहा रेस्क्यू

**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर में भारी बारिश की वजह से जलभराव हो गया है। भारी मानसूनी बारिश की वजह से पूरे इलाके में बाढ़ आ गई। दमकल कर्मी इसमें फंसे लोगों का रेस्क्यू कर रहे हैं। दमकल कर्मचारियों ने अभियान के पहले चरण में एक दिव्यांग दंपत्ति को ऑटो रिक्शे से बाहर निकाला। दंपत्ति के ऑटो से सफर के दौरान पोरबंदर आइस फैक्ट्री के पास भारी बारिश की वजह से वे ऑटो रिक्शा में ही फंस गये। भारी बारिश और बाढ़ की वजह से ऑटो रिक्शा पानी में बह गया। दमकल कर्मचारियों नें बड़ी मशक्कत के बाद छाती तक भरे पानी में रस्सी और ट्यूब के सहारे उन्हे बाहर निकाला। इसके अलावा दमकल कर्मचारियों ने रोकड़िया हनुमान मंदिर के पास से भी 13 लोगों को रेस्क्यू किया। रेस्क्यू किए गए लोगों के घरों के अंदर उनकी इमारतों की पहली मंजिल तक पानी भरा हुआ था। इसके चलते रेस्क्यू



करने आये दमकल कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल कर्मचारियों ने लोगों को रेस्क्यू कर उन्हे सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। बड़े पैमाने पर हो रही बारिश की वजह से जिले में जनजीवन ठप हो गया है। इसके अलावा लगातार चल रही भारी बारिश की वजह से जलभराव के और बढ़ने की आशंका है, इससे हालात और बिगड़ सकते हैं। जल भराव की वजह से कई हाईवे बंद हो गये हैं। इसके अलावा जूनागढ़ में शुक्रवार सुबह से ही भारी बारिश हो रही है, इसकी वजह से पूरे जिले में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। प्रदेश में भारी बारिश को देखते हुए पूरे सौराष्ट्र में 22 जुलाई तक रेड अलर्ट जारी किया गया है। मानसून की वजह से पूरे प्रदेश में कई दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है, इसकी वजह से सोनरख नदी उफनाई हुई है। पिछले 24 घंटे में भारी बारिश की वजह से दामोदर कुंड़ खतरनाक स्तर तक जलमग्न हो गया। इस जलभराव के कारण पूरे इलाके में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया।

# कुलदीप हत्याकांड : पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

## मृतक के भतीजे ने ही शराब पिलाकर क्राइम को दिया अंजाम

**मोदीनगर करंट क्राइम।** कुलदीप शर्मा हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। हत्या को एक षडयंत्र के तहत मृतक के भतीजे ने ही शराब पिलाकर अंजाम दिया ओर दूसरे को फंसाने के लिये साजिशाना नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर घटनास्थल से शराब की बोतले व कम्बल बरामद किया है।



बताते चले कि बीते दिन बुधवार को कस्बा फरीदनगर में कुलदीप शर्मा की छत से फेंककर हत्या किये जाने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में मृतक के पुत्र आकाश की ओर से पडोस में ही रहने वाले वीरेंद्र उर्फ धनीराम पर शक जाहिर किया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के लिये टीमो को गठन किया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि जांच के दौरान खुलासा हुआ कि घटना के समय मृतक कुलदीप व उसके भतीजे अमित ने साथ शराब पी थी। जब इस संबध में पुलिस ने अमित से पूछताछ की तो घटना का परत दर परत खुलासा होते चला गया। अमित ने बताया कि षडयंत्र के तहत पहले चाचा को जमकर शराब पिलाई, जैसे ही वह छत पर खडे होकर शौच करने लगे तभी उसने लात मारकर उन्हे नीचें फेंक दिया ओर अपने घर जाकर छिप गया।

### सीसीटीवी कैमरों से खुला घटना का राज

अमित, विनित और सुमित तीन भाई है उनके पिता अशोक की मौत हो चुकी है। पड़ोसी वीरेन्द्र से काफी समय से उनका झगड़ा चल रहा है। दोनों पक्ष आए दिन एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते थे। इसे देखते हुए पुलिस ने उन्हे सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा। वीरेन्द्र करीब छह माह पूर्व ही घर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो वीरेन्द्र रात दस बजे घर में जाने के बाद बाहर नहीं आए। बकौल, एसीपी जांच पड़ताल में वीरेन्द्र पर लगाए गए आरोप झूठे निकले। इसके बाद अमित को पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने पहले तो गुमराह करने का प्रयास किया मगर पुलिस ने सख्ती की तो वह टूट गया और उसने हत्या करना कुबूल लिया। अमित विवाहित है और उसके पांच साल की पुत्री मौनी है। बताया जा रहा है कि अमित का पत्नी के साथ तलाक का केस चल रहा है। पत्नी चार साल पूर्व उससे छोड़कर जा चुकी है। मौनी के देखभाल अमित ही करता था। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि कुलदीप शर्मा पारिवारिक विवाद के कारण अपने भतीजों के पास फरीदनगर में रहते थे। कुलदीप शराब के आदी थे और नशे में उनके साथ गाली गलौंज करते थे। अमित ने मंगलवार रात कुलदीप को शराब पिलाने के बाद छत से धक्का देकर उनकी हत्या कर दी। पड़ोसी वीरेन्द्र को फंसाने के लिए उसने उस हत्या करने का आरोप लगाया, जो जांच में झूठा निकला। कुलदीप के पुत्र आकाश की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर अमित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 30 टीबी के मरीजों को गोद लिया

**मोदीनगर करंट क्राइम।** टीयूएसीएचसी मोदीनगर पर उज्जवला सोसाइटी की राष्टीय अध्यक्ष सीमा अरोड़ा द्वारा 30 टीबी मरीजों को गोद लिया गया और उन्हें पोषण किट वितरित की गई। इस दौरान जिसमें डॉ0 कैलाश चंद, एमओआईसी डॉ0 अंशुल चैधरी, एसएमओ डॉ0 करनपाल, पवन कुमार, एसटीएस दिनेश, एलटी राकेश कुमार, जीटीबीएचवी सुमन चैधरी, एरिया जोसेफ, सुशीला दहिया, कमलजीत, शिखा भटनागर, प्रियंका अग्रवाल, दीपांशी गुप्ता व मिथिलेश मित्तल आदि का सहयोग सराहनीय रहा।



## युवक के खाते से निकाले डेढ लाख रुपए

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव असालतनगर स्थित नंदविहार कॉलोनी निवासी एक युवक को लिंक पर क्लिक करना काफी महंगा पड़ा। उनके दो खातों से करीब 1.50 लाख रुपए कट गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की नंदविहार कॉलोनी निवासी पंकज कुमार ने बताया कि वह ऑनलाइन अपना कोरियर ट्रैक कर रहे थे। उन्होने बताया कि इसी बीच मेरे पास एक लिंक आया। जब इस लिंक पर क्लिक किया गया तो एक खाते से 99999 व दूसरे खाते से 50 हजार रुपए कट गए।

# मानसिक विक्षिप्त युवक के साथ की मारपीट

**लोनी (करंट क्राइम)।** मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक परिजनों की नजर से बचकर घर से निकल आया और बंथला चिरोडी रोड पर रामविहार कॉलोनी के सामने पहुंचकर सड़क पर आने-जाने वाले वाहनों पर पथराव करने लगा। जिस पर लोगों ने उसको रस्सी से बांधकर पीटना शुरू कर दिया। उसके गांव के एक व्यक्ति ने उसे पहचानकर छुडाया।

लोनी सीमा से सटे बागपत जनपद के घिटोरा गांव निवासी धर्मवीर शर्मा का मानसिक रूप से विक्षिप्त बेटा अमित 29 गुरुवार दोपहर परिजनों की नजर से बचकर घर से निकल आया और बंथला चिरोडी रोड पर रामविहार कॉलोनी के सामने पहुंच गया। वह सड़क पर आते जाते वाहनों पर पत्थर फैंकने लगा। जिससे कई वाहनों के शीशे टूट गए। लोगों ने उसे पकडकर उसे रस्सी से बांध दिया तथा उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान उसके गांव का एक व्यक्ति उधर से निकला तो उसने उसे पहचान कर लोगों को उसकी सच्चाई से अवगत कराया, तब लोगों ने उसे छोडा। पुलिस ने उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया है।

## गांव नूरपुर मे वृक्षारोपण का किया शुभारम्भ

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव नूरपुर स्थित राजकीय हाईस्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ गन्ना विकास परिषद के चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्टी व प्रधानाध्यिपका सुषमा सुमन ने पौधा लगाकर किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि साल में प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा जरुर लगाना चाहिए। उन्होने पौधारोपण का महत्व भी बताया।





## कांवड़ यात्रा इस बार नए अधिकारियों के भरोसे

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा को लेकर बीते लगभग 20 दिनों से एक के बाद एक अलग-अलग बैठकें और तैयारियां चल रही हैं। इन सबके बीच इस बार कांवड़ यात्रा की तैयारी पहले से और बेहतर होने का दावा किया जा रहा है। तो वहीं लोकल सूत्र कह रहे हैं की कांवड़ यात्री जब सफलतापूर्वक निपट जाए तभी इसे सफल माना जाए। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट में इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान नए-नए अधिकारियों के यहां होने से कई तरह के की चर्चा शुरू हो गई है। ट्रैफिक वाले सिस्टम की बात की जाए तो यहां ट्रैफिक वाले प्रभारी से लेकर उनके अधीनस्त वाले साहब नए हैं। तो वहीं सिटी जोन वाले साहब ने कुछ दिन पहले ही चार्ज लिया है, पर वह सड़क पर उतरकर उन्होंने रूट मैप से लेकर अलग-अलग जोन में आने वाले स्थानों को देखना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही प्रशासन के भी कई अधिकारी कांवड़ यात्रा में गाजियाबाद की पोस्टिंग का अनुभव ले रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी निकलकर यह आ रही है कि कंट्रोल रूम को कंट्रोल करने के लिए भी अधिकारियों को मेहनत करनी होगी। वहीं लोकल सूचना और गुप्त तंत्र वाले साहब भी जिले के लिहाज से उतने ज्यादा इनपुट वाले नहीं है। उन्हें अपने स्टाफ के भरोसे ही रहना होगा। वहीं ट्रैफिक कांवड़ यात्रा के दौरान सबसे बड़ा मैनेजमेंट और सिस्टम रहता है। इसको फुलप्रूफ कर लिया गया तो कांवड़ यात्रा की आधी टेंशन खत्म हो जाएगी। हालांकि बीते दिनों में हुई अधिकारियों वाली बैठकें और इनपुट जुटाने का जो काम चल रहा है, उसको देखकर लग रहा है की व्यवस्था ठीक-ठाक हो जाएगी। अभी कांवड़ यात्रा शुरू होने और कांवड़ मेले की भीड़ बढ़ाने में लगभग दो दिन का समय है। दो दिन में पुलिस विभाग जितनी वर्किंग करेगा, उतना लाभ आने वाले दिनों की कांवड़ यात्रा में देखने को मिलेगा। रूट डायवर्जन को लेकर अगर ट्रैफिक का मैनेजमेंट सिस्टम ठीक रहा, तो इसे ऑल इज वेल ही कहा जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले नए अधिकारियों पर पुराने अधिकारी कितना भरोसा जताते हैं, यह भी देखना होगा। वह इन्हें कितने फ्री हैंड्स देते हैं या खुद ही सड़क पर वह उतरने को मजबूर होंगे, यह भी आने वाले दिनों में स्पष्ट हो पाएगा। कुल मिलाकर कांवड़ यात्रा को लेकर जिस तरीके से शासन और सीएम की नजरें हैं, ऐसे में गलती और परेशानी सबके लिए परेशानी का सबक बन सकती है।



# कूड़े कचरे के पहाड़ को हटाने की केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री से होगी कार्रवाई की मांग

## एक लाख से अधिक लोगों के कराए जाएंगे हस्ताक्षर

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव भिक्कनपुर में बनाए गए कूड़े कचरे के पहाड़ को

डंपिंग ग्राउंड हटाओ संघर्ष समिति ने हटाने की मांग की है साथ ही आने वाले दिनो में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत एक लाख से अधिक लोगों के हस्ताक्षर कराए जाएंगे। सभी हस्ताक्षरों को सूचीबद्ध करके उन्हें केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भेजकर कार्रवाई की मांग की जाएगा।



जीडीए लंबे से समय से भिक्कनपुर गांव के निकट मैदान में कचरा डंप करवा रहा है। डंप किए जाने के चलते गांव के निकट कचरे का पहाड़ बन गया है। कचरे के पहाड़ के कारण गांव व आसपास के क्षेत्र में वायु व जल प्रदूषित हो रहा है। कचरा का पहाड़ हटाने की मांग कर रही डंपिंग ग्राउंड हटाओ संघर्ष समिति ने आने वाले दिनों में अपनी लड़ाई को तेज करने का फैसला किया है। इस संबंध में समाजसेवी सलेक चंद का कहना है कि समिति वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाएगी। अभियान के तहत आसपास के क्षेत्र के एक लाख से अधिक लोगों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे। एक लाख लोगों के द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन को केंद्र सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भेजा जाएगा। ज्ञापन भेजकर डंपिंग ग्राउंड को हटाने की मांग की जाएगी। इसके अलावा सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए 15 अगस्त को डंपिंग ग्राउंड के निकट विशाल पंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आगे की आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।





### खिलाड़ी गेम देख रहे हैं और अनाड़ी गेम का सत्यानाश करके मानेगें

फुल मेजोरिटी में सरकार और उसके बाद भी हा हा कार फूल वालों के यहां ही मच रहा है। निगम की मुखिया मूल भाजपाई और सदन में बैठे 75 फूल लेकिन उसके बाद भी सीन नही है इंटरनली कूल। एमएलसी फूल के, एमएलए फूल के, कैबिनेट मंत्री फूल के और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार फूल के, वर्तमान वाले फूल के, पूर्व वाले फूल के और उसके बाद भी गिला यही कि कोई सुन नही रहा। प्रभारी मंत्री आ जायें तो वो ही सीडी और सीएम के सामने भी वहीं राग। इस सीन को लेकर वरिष्ठ भाजपाई पहले तो ऑफ द रिकार्ड की शर्त पर जुबान खोलने को तैयार हुये और कहा कि जिनकी मौहल्ला नही सुन रहा था उन्हे पता नही किस बहर में टिकट दे दिये और वो लहर में जीत भी गये। अब उनकी चोरी कमीशनखोरी के किस्से हर जुबान पर हैं। पुलिस का अफसर नही सुन रहा, निगम के अधिकारी नही सुन रहे और मंत्री मेयर अध्यक्ष लोटे में नमक डाल रहे हैं इससे बुरी फजीहत किसी सरकार में सरकार वालों की क्या ही हुई होगी। तंज के लहजे में रंज बंया किया और कहा कि जो परिवार अपने वरिष्ठों की अनदेखी करते हैं उनका मान सम्मान ऐसे ही होता है। उन्होने कहा कि ये तमाशा हो ही इसलिये रहा है कि खिलाड़ी बैठकर गेम देख रहे हैं और अनाड़ी गेम का सत्यानाश करके मानेगें।

### ले लेगें जान अभी उनकी तुंडीर से निकलना बाकी हैं तारीफ बाण

भगवा गढ़ की सियासत में उनके बारें में ये आम राय है कि जिसकी वो मंच से तारीफ कर दें उसका पुलिंदा बंधने से कोई नही रोक सकता। वो कभी हार्ड शब्दों में दिल का रंज बंया ही नही करते और तंज के साथ बात को बड़े सलीके से कहने का हुनर उनके पास है। प्लेन एयरपोर्ट से जब उड़ेगा तब उड़ जायेगा लेकिन ठहरे पानी में पत्थर वो मार चुके हैं। फूल वाले ही बता रहे हैं कि आप बस वेट एंड वॉच के साथ बने रहिये और स्टोरी में खुलासा मोड़ भी आयेगा। विकास खुद बतायेगा कि स्टोन पर ही हुया हूं और गोद लिये गांव भी बतायेगें कि सरकार चलना आज तक नही सीख पाये हैं। बताने वाले बता रहे हैं कि साहब अगर उन्हे नादान समझ रहे हैं तो वो इतना जरूर समझ ले कि अभी तो उनकी तुंडीर से वो तारीफ बाण आना बाकी हैं जो उनकी जान ही ले लेगा।

### जिसने लोकसभा चुनाव में किया है काम उसे ही मिले विधानसभा में ईनाम

शहर सीट पर टिकट के लिये पूरा गदर ही लोटस फ्लावर वालों के यहां मच रहा है। जो लोकसभा चुनाव में घर से ही नही निकलें वो भी अब घर से निकल कर इस दर से उस दर तक जा रहे हैं और टिकट मांग रहे हैं। गांव में रहने वाले को भी शहर सीट से फूल वाला टिकट चाहिये। पुराने केसरिया राईस भी चाहते हैं कि उन्हे चुनाव लड़ने का मौका मिले। सीन ये भी है कि भगवा फोर्ट में जिन्हे रिपोर्ट भेजनी है वो खुद टिकट वाली लाईन में हैं और उन्हे उम्मीद है कि एमपी टू एमएलए उन्हे सपोर्ट करेगें ही। कौन सपोर्ट करेगा और कौन रिपोर्ट करेगा की चर्चा के बीच सीनियर फूल लीडर ने कहा कि अगर हमसे पूछा जायेगा तो हम यही कहेगें कि जिसने लोकसभा चुनाव में काम किया है उसे ही विधानसभा टिकट ईनाम में मिले। किसी एक फेस पर सबकुछ फोकस नही रहेगा। काम करने वाले ज्यादा हों तो निगम वालों की तरह यहां भी पर्ची डल जायेगी। मगर टिकट उसी को मिले जिसने लोकसभा चुनाव में पार्टी को जिताने के लिये काम किया है।

## नाबालिग चला रहे ई-रिक्शा, ट्रैफिक पुलिस ने किया सीज

**लोनी (करंट क्राइम)।** नाबालिग वाहनों चालकों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस ने नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे तीन ई-रिक्शा सीज किए है तथा उनके पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लोनी के ट्रैफिक पुलिस प्रभारी हितेष राजपूत ने बताया कि लोनी तिराहा के पास एक नाबालिग ई-रिक्शा चलाता दिखा। उसकी ई-रिक्शा सीज कर रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। जबकि लोनी तिराहे के पास एक नाबालिक द्वारा चलाई जा रही ई-रिक्शा को सीज किया गया है। इसके अलावा अगले दिन सुबह पुस्ता चौकी के पास भी एक नाबालिक ई-रिक्शा चलाता पाया गया। उसकी ई-रिक्शा को भी सीज कर दिया गया है।





- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे कार्यकारिणी चुनाव में मौजूद? हमें यहां पर दिख रहा था रायता फैलने का वजूद? फिर यहां पर एक बात कर दी ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि ने क्लीयर? उन्होंने पूरे सदन में दे दिया संदेश? कि जितने भी कार्यकारिणी के उम्मीदवार तय हुए हैं वो भगवा कमांडर ने पूरी स्वतंत्रता से घोषित किये हैं? इसमें हमारा कहीं से भी क्रेडिट नहीं है डीयर? मैडम ने मौके पर स्पष्ट दे दिया पैगाम? जितने भी घोषित हुए हैं वो सब है संगठन के नाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैंगो वाली बड़ी पार्टी में मैं बैठा था बड़े वाले त्यागी जी और बड़े वाले गर्ग साहब के नजदीक? यहां पर गर्ग साहब ने कुछ अलग ही करके दिखाई अपने मन की तस्दीक? उन्होंने कर दिया अपना हाल ए दिल शेयर? कहा मैं तो चाहता हूं टिकट मैरिट के आधार पर हो, इसमें जातिगत फैक्टर का नहीं होना चाहिए इस्तेमाल? कहने वाले ने कहा इस दौरान कमांडर भी बैठे थे गर्ग साहब के नजदीक? कुछ तो गर्ग साहब के शब्दों में गहराई है? यूं ही उन्होंने मैरिट वाला फैक्टर नहीं किया है रसीद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं एक बात आपसे पूछना चाहता हूं यार? जब हो रही थी लाईनपार में पंजाबी समाज की एकजुटता की मीटिंग? तब उसमें क्यों नहीं नजर आया कोई भी भगवा पंजाबी दावेदार? क्या सोच समझकर बनाई भगवा वालों ने इस मीटिंग से दूरी? शायद ये चेहरे जानते थे कि मीटिंग में बातें होंगी किसी भी दल से चुनाव लड़ने की? शायद इन बातों को भगवा वाले नहीं बनने देना चाहते थे कोई मजबूरी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पहली बार निगम की बैठक में पार्षद बजरंगी भैया सचिन डागर के तेवर नजर आ रहे थे सुस्त? हम देख रहे थे वो नहीं थे मुद्दों को लेकर हर बार की चुस्त? ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने डाल दिये हैं अब अपनी क्रान्ति के हथियार? ना जाने वो ऐसा क्यों कर रहे हैं जबकि साहब के जाने के बाद आई है उनके ऊपर जबरदस्त बहार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी थी कार्यकारिणी की बैठक पर नजर? बैठक से कमांडर के प्रिय मैम्बर पहलवान और साईकिल वाले मलिक बनाते हुए दिखे दूरी? दोनों ही बैठक के नजर नहीं आये नियर? कहने वाले ने कहा हो सकता है दोनों को हो बहुत जरूरी काम? मगर ये भी सच है जब होती है चुनाव की बेला? तब ये सारे काम छोड़कर हो जाते हैं मौके पर विराजमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही नगर निगम वाली बैठक में बजरंगी भैया सचिन डागर ने दिखाया हो खामोशी वाला किरदार? मगर बैठक खत्म होने के बाद पार्षदों के ग्रुप पर उनका नजर आ रहा था कुछ और ही मयार? वो ग्रुप वाली चैटिंग में डटकर नजर आ रहे थे पार्षद नीलम भारद्वाज के साथ हुए घटना क्रम के खिलाफ? खुलकर लिख रहे थे वो अपने दिल के जज्बात? निगम की सबसे बड़ी ताकत थी उनके निशाने पर? भले ही वो मीटिंग में कुछ ना बोले हों? मगर ग्रुप पर उनका तेवर था पूरे तराने पर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के दो जाट पार्षद? टैक्स बढ़ाने वाले मामले में बैठक के दौरान दिख रहे थे बड़े वाले साहब के साथ? साहब की आवाज की आवाज मिलाते हुए कह रहे थे, जब टैक्स ही नहीं बढ़ेगा तो फिर कैसे होगा क्षेत्र का विकास? दोनों बड़े वाले साहब की आवाज में आवाज मिलाकर करा रहे थे अपनी उपस्थिति दर्ज? दे रहे थे संदेश, हमारी पार्टी कितना ही इस मामले पर एक जुटता दिखा रही है इस बात का नहीं पड़ रहा है हम पर कोई फर्क?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं था नगर निगम में मौजूद? जब व्यापारी किराया बढ़ोत्तरी के खिलाफ घेर रहे थे बड़े अधिकारी और ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि को? तब यहां पर पूरी मजबूती से दिखाई दे रहा था पार्षद मनोज त्यागी का वजूद? उन्होंने भरी व्यापारियों की भीड़ में किया कुछ शब्दों का खुलकर विरोध? देखते ही बन रहा था नगर निगम के पक्ष में त्यागी जी का प्रतिशोध?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाल ही में भगवा हुए पराशर भैया पर कोई मैम्बर बना रहे हैं प्रेशर? सुना है इस प्रेशर को कम करने के लिए पराशर भैया आ गये हैं भगवा कमांडर के सबसे प्रिय पार्षद के नजदीक? रोजाना वो अपने हर दिल की बात शेयर करते हैं? कराते हैं एहसास कि आप ही हमारे दर्द को समझ सकते हो? आप ही से है हमका उम्मीद? सुना है जिन पार्षद से किया जा रहा है हाल-ए-दिल शेयर? वो पार्षद भी दिल के बहुत भोले हैं? वो ही कर सकते हैं पराशर जी की भावनाओं की केयर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही स्थगित हो गया हो नगर निगम का कार्यकारिणी चुनाव? अब हमारी इस बात पर नजर है क्या रहेगा मेयर का और भगवा कमांडर का दांव? क्या वो राजीव भैया को पांचवे उम्मीदवार के तौर पर बनायेंगे उम्मीदवार? या फिर बदलेंगे वो इस मामले में अपने विचार? देखना अब ये है कि इन दोनों की उधेड़बुन में 27 वोटों का आंकड़ा, क्या राजीव भैया अपने पास रख पायेगें बरकरार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# गाजियाबाद की छात्रा से गैंगरेप

# मेरठ से किडनैप की गई, 12 दिन तक बंधक बनाकर की गई हैवानियत

**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद की नाबालिग छात्रा से गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़िता को 24 जून को मेरठ के मोहिउद्दीनपुर से किडनैप कर लिया गया। इसके बाद उसे जम्मू ले जाया गया। आरोप है कि मेरठ और जम्मू के अलग-अलग होटलों में छात्रा को बंधक बनाकर, उसके साथ 4 युवकों ने गलत काम किया। इस दौरान आरोपियों ने उसका अश्लील वीडियो बनाया। साथ ही जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। 6 जुलाई को आरोपी छात्रा को गाजियाबाद के भोजपुर थाने के पास छोड़ गए। इस मामले में गाजियाबाद और मेरठ पुलिस एक दूसरे पर मामला टालती रही। अब पीड़िता के परिजनों ने एसएसपी मेरठ से शिकायत की है।



### कॉलेज जाने के लिए निकली थी पीड़िता

मोदीनगर क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी यही के एक कॉलेज में पढ़ती है। 24 जून को वह कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद से उसका पता नहीं लगा। परिजनों ने काफी तलाश किया और गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई। आरोपियों ने छात्रा को 6 जुलाई को भोजपुर थाने के पास छोड़ दिया। इसके बाद छात्रा को पुलिस ने बरामद दिखाकर परिजनों को कॉल किया और घर भेजा। छात्रा ने परिजनों के सामने खुलासा किया कि उसे 24 जून को सुबह करीब 11 बजे मोहिउद्दीन परतापुर से अगवा किया गया और गांव के दो युवकों ने घटना को अंजाम दिया।

### सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस

छात्रा ने घरवालों को बताया कि दो आरोपियों ने उसके साथ ऐसा किया। दोनों आरोपी, उसे मेरठ से किडनैप कर जम्मू ले गए और वहां एक होटल में छह दिन बंधक बनाकर रखा। छात्रा का आरोप है कि वहां उसके साथ गैंगरेप हुआ। इसके बाद आरोपी उसे सहारनपुर होते हुए मेरठ ले आए और यहां हाईवे पर एक होटल में छह दिन बंधक बनाकर रखा। छात्रा ने आरोप लगाया कि चार युवकों ने यहां उसके साथ गैंगरेप किया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्होंने मोदीनगर पुलिस से शिकायत की, लेकिन उन्होंने मेरठ का घटना स्थल बताकर पल्ला झाड़ लिया। वहीं, परतापुर पुलिस ने भी मुकदमा दर्ज नहीं किया। अब एसएसपी मेरठ से शिकायत की गई, जिसके बाद जांच और कार्रवाई का आदेश दिया गया है। एसपी सिटी मेरठ आयुष विक्रम सिंह का कहना है.किशोरी और उसके परिवार ने शिकायत की है। मामले में जांच की जा रही है। जिन होटल की जानकारी दी गई है। वहां सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सिपाही ने की आत्महत्या, पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी किया गिरफ्तार

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में सिपाही द्वारा सरकारी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में दो महिला आरोपियों को पहले भी जेल भेज चुकी है। बता दे कि नगर पालिका परिषद कार्यालय स्थित गोदाम में रखी ईवीएम की सुरक्षा में तैनात सिपाही ने मंगलवार रात को सरकारी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।



आत्महत्या करने से पहले सिपाही पम्मी ने वीडियो बनाया था। वीडियो में सिपाही ने गांव निवासी युवती से संबंध होने की बात कहीं थी। ब्लैकमेल करके युवती ने अपनी सहेली व एक युवक से साथ मिलकर मेरे से छह लाख रुपए हड़प लिए थे। अब और पैसे की डिमांड की जा रही थी। पैसे ना देने पर फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी जा रही थी। इतना ही नहीं पत्नी के जेवरात बेचकर भी पैसे दिए गए। इस मामले में साथी सिपाही ध्यान सिंह की तहरीर पर मुरादनगर थाने में अमित पुत्र महिलपाल ,प्राची ,गुड्डन निवासी अज्ञात के खिलाफ एनबीसी 108 के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी अमित यादव निवासी गांव औरंगाबाद अहीर थाना गुलावठी बुलन्दशहर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। उन्होने बताया कि इस मामले में प्रेमिका प्राची व उसकी सहेली सोनिया तेवतिया उर्फ गुड्डन को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब इस मामले में तीनों आरोपी गिरफ्तार हो चुके है।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने जताई चिंता

# इस्राइल-हमास युद्ध के चलते बढ़ा मानवीय संकट, शांति पर दिया जोर

**यूएन।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में इस्राइल-हमास युद्ध के चलते बढ़ रहे मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई है। भारत ने कूटनीति और बातचीत के जरिये दोनों देशों के बीच उपजे तनाव को कम करने और शांति अपनाने पर जोर दिया। मध्य पूर्व क्षेत्र में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की डिबेट में भारत की ओर से उपस्थायी प्रतिनिधि और राजदूत आर रवींद्र ने कहा कि पिछले साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर हुए आतंकी हमलों की भारत ने कड़ी निंदा की थी।

उन्होंने कहा कि इस्राइल-हमास के बीच नौ महीने से चल रहे युद्ध के चलते मानवीय संकट बढ़ रहा है। यह चिंताजनक है। इस युद्ध में सैकड़ों नागरिकों की मौत की हम निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने तत्काल संपूर्ण युद्ध विराम का आह्वान किया है। साथ ही गाजा पट्टी में समय-समय पर



### भारत ने युद्ध विराम का आह्वान किया

सुरक्षित मानवीय सहायता और मदद पहुंचाई। उन्होंने बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल बिना शर्त रिहाई करने की अपील भी की। रवींद्र ने कहा कि ऐसे मामले में कतर और मिस्र की सराहना करते हैं।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को बताया कि भारत इस्राइल और फलस्तीन दोनों की मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने कई बार अलग-अलग मंचों पर अपनी स्थिति साझा की। जिसके तहत भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि भारत का लंबे समय से दोनों राज्यों के बीच सहयोग के जरिए समाधान का रास्ता निकालने की बात कहता रहा है। इसके तहत सहमत सीमाओं के भीतर फलस्तीन में एक संप्रभु, स्वतंत्र राज्य की स्थापना हो। ताकि वह इस्राइल के साथ शांति से सीमाएं और सुरक्षा आवश्यकता साझा कर सके।

> "इस्राइल-हमास के बीच नौ महीने से चल रहे युद्ध के चलते मानवीय संकट बढ़ रहा है। यह चिंताजनक है। इस युद्ध में सैकड़ों नागरिकों की मौत की हम निंदा करते हैं।
> **आर रवींद्र**
> उपस्थायी प्रतिनिधि और राजदूत

उन्होंने कहा कि भारत ने बीते सालों में फलस्तीन की सहायता के लिए 120 मिलियन अमेरिकी डालर दिए हैं। जिसमें फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संचालित संयुक्त राष्ट्र राहत-कार्य एजेंसी को दी गई 35 मिलियन डॉलर की मदद शामिल है।

# भारतीय मूल के पूर्व मंत्री पर 13 अगस्त से शुरू होगा केस अदालत का मुकदमे से पहले बयान देने से इंकार

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने भारतीय मूल के पूर्व मंत्री एस ईश्वरन की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दिया। याचिका में उन्होंने अभियोजन पक्ष को अपने खिलाफ कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मुकदमे के लिए सभी गवाहों के बयान सौंपने के लिए बाध्य करने की मांग की थी। इस मामले पर मुकदमा अगले महीने शुरू हो रहा है।

भारतीय मूल के पूर्व केंद्रीय मंत्री एस ईश्वरन पर 35 आरोप हैं, जिन पर कार्रवाई होनी है। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार ईश्वरन पर सरकारी कर्मचारी के तौर पर कीमती सामान प्राप्त करने के 32 मामले, भ्रष्टाचार के दो मामले और न्याय में बाधा डालने का एक मामला शामिल है। इस रिपोर्ट के अनुसार पूर्व परिवहन मंत्री के खिलाफ इन आरोपों से संबंधित मुकदमा 13 अगस्त को हाई कोर्ट में शुरू होना है।

ईश्वरन के वकील जून में हुई सुनवाई में अपना



पहला प्रयास पहले ही हार चुके हैं। इसके बाद 5 जुलाई दूसरे प्रयास में आपराधिक पुनरीक्षण सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति विंसेंट होंग ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता में ऐसा नहीं लिखा है कि अभियोजन पक्ष को अपने गवाहों के सभी सशर्त बयानों या उन गवाहों के मसौदा बयानों का खुलासा करना आवश्यक है। इस तर्क को मानने का आपराधिक प्रक्रिया में कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने बचाव पक्ष के इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि अभियोजन पक्ष की ओर से प्रक्रिया का दुरुपयोग या गंभीर अन्याय हुआ है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि बचाव पक्ष अभियोजन पक्ष की स्थिति को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहा है। साथ ही बचाव पक्ष ने खुद ही अपनी स्थिति बदल दी है। अभियोजन पक्ष ने ईश्वरन की पत्नी टेलर के मैरी और उनके तत्कालीन निजी सहायक आइवी चैन वान हियांग सहित 56 गवाहों की सूची का खुलासा किया है। यदि लोक सेवक के रूप में कोई मूल्यवान वस्तु प्राप्त करने का दोषी पाया जाता है, तो ईश्वरन को दो साल तक की जेल, जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अगर उसे भ्रष्ट तरीके से रिश्वत लेने का दोषी पाया जाता है, तो उसे सात साल तक की जेल, 100,000 सिंगापुर डॉलर (74,400 अमेरिकी डॉलर) तक का जुमार्ना या दोनों हो सकता है।

## पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में गरजे ट्रंप जूनियर

# पिता को 'शेरदिल' बता कर किया जीत का दावा



**मिल्वाकी।** अमेरिका में नवंबर महीने में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियां जीत के लिए जोर आजमाइश कर रहीं हैं। उधर, अमेरिका के मिल्वाकी शहर में रिपब्लिकन पार्टी का राष्ट्रीय सम्मेलन चल रहा है। इस सम्मेलन में देशभर से हजारों नेता जुटे हैं। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप के पुत्र डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने भी रिपब्लिकन सम्मेलन को संबोधित किया। डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने कहा कि हाल ही में उनके पिता पर गोली मारने की कोशिश की गई। ट्रंप जूनियर ने रिपब्लिकन पार्टी की जीत का दावा करते हुए कहा कि अब दुनिया जान गई है कि अमेरिका के अगले राष्ट्रपति शेरदिल हैं।

> **अमेरिका में नवंबर में होने हैं चुनाव, जीत के लिए चल रही जोर आजमाइश**

ट्रंप जूनियर ने अपने पिता पर हुए हमले को लेकर कहा, जिस बारे में कभी सोचा भी नहीं था, वह, भयानक सच में तब्दील हो गया। आपको बता दें कि शनिवार को पैन्सिलवेनिया में एक रैली को संबोधित करने के दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दाहिने कान को छूकर गोली निकल गई थी। इस घटनाक्रम में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस दौरान गोली चलाने के लिए 20 वर्षीय युवक को भी ढेर कर दिया गया था।

# अलकायदा का खूंखार आतंकी अमीनुल हक पाक में गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है और एक बार फिर ये बात साबित हो गई है। दरअसल खूंखार आतंकी संगठन अलकायदा के एक शीर्ष आतंकी अमीनुल हक को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से पकड़ा गया है। गौरतलब है कि अमीनुल हक, ओसामा बिन लादेन का करीबी था।



**ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी रहा अमीनुल हक :** पाकिस्तान पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग ने शुक्रवार को अमीनुल हक को गिरफ्तार किया। पाकिस्तान पुलिस ने अमीनुल हक की गिरफ्तारी को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अहम सफलता बताया। पुलिस ने बताया कि विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाया गया, जिसके बाद अमीनुल हक पकड़ में आया। पाकिस्तान पुलिस ने बताया कि अमीनुल हक साल 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था।

**संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय आतंकियों की सूची में भी है नाम :** पाकिस्तान पुलिस ने बताया कि आतंकी अमीनुल हक पूरे पंजाब राज्य में अराजकता फैलाने की साजिश रच रहा था और वह राज्य के अहम अहम संस्थानों और लोगों को निशाना बनाने की योजना भी बना रहा था। पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधी विभाग ने अमीनुल हक को गिरफ्तार करने के लिए अज्ञात जगह पर रखा हुआ है और उससे पूछताछ चल रही है। अमीनुल हक का नाम संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय आतंकियों की लिस्ट में भी शामिल है। अमीनुल हक की गिरफ्तारी को पाकिस्तान पुलिस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अहम जीत बता रही है।

पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधी पुलिस ने खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर एक संयुक्त ऑपरेशन में गुजरांवाला से अमीनुल हक को गिरफ्तार किया। अमीनुल हक अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत का निवासी है और फिलहाल फर्जी दस्तावेजों की मदद से पाकिस्तान में रह रहा था। अल-कायदा के फिर से गठन में अमीनुल हक की अहम भूमिका बताई जाती है। अफगानिस्तान से नाटो फोर्स के जाने के बाद अमीनुल हक ने अफगानिस्तान का दौरा भी किया था।

# ब्रिटेन में बवाल: लीड्स में दंगे जैसे हालात, उपद्रवियों ने बस में लगाई आग, पुलिस की कार में की तोड़फोड़

**लंदन।** ब्रिटेन के लीड्स शहर में गुरुवार रात को दंगे हुए। गुस्साए उपद्रवियों ने एक बस में आग लगा दी और पुलिस की जीप में तोड़फोड़ करते हुए उसे पलट दिया। दंगे की मुख्य वजह लोकल चाइल्ड केयर एजेंसी द्वारा बच्चों को लेकर जाना बताया जा रहा है। लोगों ने इसका विरोध किया। इसके बाद आगजनी और हिंसा भड़क उठी।

लीड्स शहर के हरेहिल्स इलाके की लक्सर स्ट्रीट पर एक चाइल्ड केयर एजेंसी कुछ बच्चों को लेकर जा रही थी। लोगों ने एजेंसी के काम का विरोध किया। इस दौरान पुलिस पहुंची तो लोग भड़क गए। भीड़ ने पुलिस पर पत्थर फेंके। गुस्साई भीड़ ने एक बस में आग लगा दी। साथ ही पुलिस की कार के शीशे तोड़ दिए और उसे पलट दिया।



घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

वेस्ट यॉर्कशायर पुलिस ने बताया कि स्थिति पर काबू पा लिया गया और लोगों को घर में रहने के लिए कहा गया है। दंगे में हरेहिल्स क्षेत्र की कुछ संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। जबकि कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस ने कहा कि लोगों को अफवाह से दूर रहने की सलाह दी गई है। पुलिस का मानना है कि यह सामुदायिक संबंधों और अशांति कायम करने के लिए किया गया है।

गृहसचिव और वेस्ट यॉर्कशायर की सांसद यवेटे कपूर ने दंगों को लेकर हैरानी जाहिर की। वहीं वेस्ट यॉर्कशायर के मेयर ट्रेसी ब्रेबिन ने कहा कि दंगे में कोई जान का नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें।

## ट्रंप हमले पर नया खुलासा

# क्रुक्स के पिता ने पुलिस को किया था फोन

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप के हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रुक्स को लेकर एक नया खुलासा हुआ है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ट्रंप पर गोली चलाने वाले शूटर के पिता ने हमले से पहले पुलिस को फोन किया था। इस फोन में हमलावर के पिता ने अपनी एआर-15 राइफल के गायब होने और अपने बेटे को लापता होने को लेकर चिंता जाहिर की थी। इस नए दावे से भी सुरक्षा एजेंसियों पर सवाल उठ गए हैं जो पहले ही ट्रंप की सुरक्षा में कथित चूक को लेकर निशाने पर है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के पिता ने साल 2013 में एआर-15 राइफल खरीदी थी। हमले से पहले क्रुक्स के पिता ने पुलिस को फोन करके अपनी राइफल और बेटे थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के लापता होने को लेकर चिंता जाहिर की थी।

# पाक सरकार ने एक्स के बाद कई एप्स पर लगाया प्रतिबंध




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। जिससे यूजर्स को कई इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ यूजर्स को मेटा के अन्य ऐप जैसे कि व्हाट्सएप को भी सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

**प्रतिबंध पर नहीं दिया आधिकारिक बयान :** हालांकि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लगाए गए प्रतिबंधों के बारे में अभी तक पाकिस्तानी सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। जबकि यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच आया है।

> **बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।**

### मुहर्रम के दौरान पंजाब प्रांत में लगा था प्रतिबंध

मुख्यमंत्री मरियम नवाज के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने पहले 6 से 11 मुहर्रम (13 से 18 जुलाई) तक पंजाब में सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म - यूट्यूब, एक्स, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के लिए कहा था। ताकि पवित्र महीने के दौरान नफरत फैलाने वाली सामग्री, गलत सूचना को नियंत्रित किया जा सके और सांप्रदायिक हिंसा से बचा जा सके।

**दूरसंचार कंपनी सरकार के जवाब का कर रही इंतजार :** मामले में दूरसंचार कंपनी नायटेल ने गुरुवार को एक्स पर कहा- पिछले दो दिनों से देश भर में सभी सेवा प्रदाताओं के साथ फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाए बाधित हैं। यह रुकावट पहले से ही प्रतिबंधित एक्स के अतिरिक्त है। इस रुकावट के कारणों और इस प्रतिबंध को कब हटाया जाएगा, इस बारे में हम पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण से जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

**कई नेता और सेना प्रमुख ने की थी बैन की मांग :** पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवारों के आक्रोश के बाद, 17 फरवरी, 2024 से एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जबकि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पहले ही सोशल मीडिया को शातिर मीडिया घोषित कर चुके हैं और इस डिजिटल आतंकवाद से लड़ने की जरुरत पर जोर दे चुके हैं।

वहीं पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार, जिनके पास विदेश मंत्री का पद भी है। ने भी सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है।

# राष्ट्रपति पद की दौड़ : युवाओं को लुभाने में जुटे जो बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को अब चार महीने शेष रह गए हैं। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। एक बार सत्ता में आने के लिए राष्ट्रपति बाइडन काफी मशक्कत कर रहे हैं। युवाओं का समर्थन पाने के लिए वह 35,000 अमेरिकियों के ऋण को रद्द करके अपने छात्र ऋण माफी कार्यक्रम का विस्तार कर रहे हैं।



राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा, ₹छात्र ऋण 1.2 बिलियन डॉलर की राशि के लिए लोगों की संख्या अब 4.76 मिलियन हो गई है।₹ जिन लोगों को इस स्कीम से फायदा होगा, उनमें शिक्षक, नर्स, पुलिस अधिकारी और पहली बार ऋण लेने वाले शामिल हैं।

बाइडन ने यह घोषणा मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के अंतिम दिन की। बता दें कि यहीं से डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से नामांकन दाखिल करेंगे।

# बांग्लादेश हिंसा : मौतों का आंकड़ा बढ़कर 39 पहुंचा शेख हसीना के इंटरव्यू के प्रसारण के बाद फिर भड़की हिंसा

**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ जारी हिंसा जारी है और अब तक इस हिंसा में 32 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई और इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ढाका स्थित सरकारी टीवी मुख्यालय को आग लगा दी और मुख्यालय में खड़ी कई गाड़ियों को भी तबाह कर दिया। दरअसल एक दिन पहले यानी बुधवार को ही बांग्लादेश के सरकारी टीवी बीटीवी ने प्रधानमंत्री शेख हसीना का इंटरव्यू लिया था। बांग्लादेश में प्रदर्शनकारी आरक्षण को खत्म करने की मांग पर अड़े हैं। शेख हसीना सरकार



**प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सरकारी टीवी को दिए इंटरव्यू में लोगों से कानून व्यवस्था का पालन करने की अपील की थी**

ने हिंसा को देखते हुए देश के सभी स्कूलों और विश्वविद्यालयों को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का आदेश दिया है। साथ ही हालात को काबू करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने का निर्देश दिया है।

बुधवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सरकारी टीवी बीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में लोगों से कानून व्यवस्था का पालन करने की अपील की और साथ ही प्रदर्शनकारियों की मौतों पर भी दुख जताया। प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनकारियों की मौतों की न्यायिक जांच कराने की बात कही, लेकिन इसके बावजूद बांग्लादेश में हिंसा जारी है और गुरुवार को हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए रबर की गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, लेकिन इसने प्रदर्शनकारियों के गुस्से को और भड़का दिया। गुरुवार की ही हिंसा में 25 के करीब प्रदर्शनकारियों के मारे जाने की खबर है। मरने वालों में अधिकतर पुलिस की गोली का शिकार हुए हैं।

# कुत्ते इंसान के शब्दों और उसकी भावनाओं को समझ सकते हैं! : शोध

**विशेष।** कुत्ते अच्छे श्रोता होते हैं, और उन्हें यह जानने की अनोखी आदत होती है कि हम कैसा महसूस कर रहे हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि वे हमारे सबसे अच्छे दोस्त हैं! लेकिन वे वास्तव में हम जो कह रहे हैं या महसूस कर रहे हैं, उसके बारे में कितना समझते हैं? शोध से पता चलता है कि कुत्ते मानवीय भावनाओं और शब्दों को हमारी सोच से कहीं बेहतर समझते हैं।

क्या आपका कुत्ता आपके साथ लिपट जाता है जब आप किसी भावुक फिल्म के दौरान रोते हैं? या जब आप किसी अच्छी खबर से खुश होते हैं तो वह खुशी से उछल पड़ता है? अक्सर ऐसा लगता है कि हमारे कुत्ते हमारी भावनाओं को समझते हैं और उसी तरह प्रतिक्रिया देते हैं। जब हम दुखी होते हैं तो वे हमें खुश करने की कोशिश कर सकते हैं या हमारे जश्न में शामिल हो सकते हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन से पता चलता है कि इस तरह की प्रतिक्रियाएँ इसलिए होती हैं क्योंकि कुत्ते पहचानते हैं कि हम कैसा महसूस कर रहे हैं। इस शोध में, कुत्तों को छह भावनाएँ व्यक्त करने वाले लोगों की तस्वीरें दिखाई गईं: खुशी, दुख, आश्चर्य, गुस्सा, डर और घृणा। उन्हें एक तटस्थ चेहरा भी दिखाया गया। शोधकताओं ने इन अलग-अलग तस्वीरों को देखते हुए कुत्तों की हृदय गति और तनाव के स्तर को मापा।

कुत्तों ने डर, गुस्सा और खुशी को देखकर ज्यादा मजबूत प्रतिक्रिया दी। उनकी हृदय गति बढ़ गई और



उनका तनाव स्तर बढ़ गया। यह समझ में आता है कि डर और गुस्सा इस प्रतिक्रिया को जन्म देगा क्योंकि ये बढ़ी हुई भावनाएँ हैं जो कुत्ते को खतरे में डाल सकती हैं। खुशी भी एक उत्साहित अवस्था है, जो मुस्कुराते हुए चेहरों पर कुत्तों की प्रतिक्रिया को समझने में मदद करती है। इसके अलावा, कुत्ते मुस्कुराते हुए होंठों को पीछे खींचना और दांतों को दिखाना आक्रामकता का संकेत मान सकते हैं।

अध्ययन का एक और दिलचस्प निष्कर्ष यह था कि जब कुत्ते तस्वीरें देखते थे तो वे अपना सिर किस तरह घुमाते थे। जब वे भयभीत, क्रोधित या खुश तस्वीरें देखते थे तो वे अपना सिर बाईं ओर घुमाते थे, और जब वे किसी हैरान चेहरे को देखते थे तो वे दाईं ओर मुड़ जाते थे, जो कि कुत्तों के लिए कोई खतरनाक भावना नहीं है। इससे पता चलता है कि नकारात्मक भावनाएँ कुत्ते के मस्तिष्क के दाहिने हिस्से द्वारा संसाधित होती हैं जबकि अधिक सकारात्मक भावनाएँ बाईं ओर संसाधित होती हैं।

कुत्तों को बैठो, रुको, और हमेशा महत्वपूर्ण नहीं जैसे आदेशों को समझने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। आपका कुत्ता भी प्रतिक्रिया कर सकता है जब आप कहते हैं, पक्षियों को देखो! एक झलक पाने के लिए उत्साह से खिड़की की ओर दौड़ता है। लेकिन जब आपका कुत्ता पक्षी शब्द सुनता है तो उसके मन में क्या आता है? क्या वे वास्तव में अपने मन में एक पंख वाले, पंख वाले जानवर की तस्वीर बनाते हैं? यह जानने के लिए शोधकताओं के एक समूह ने एक अध्ययन किया जिसमें उन्होंने कुत्तों की मस्तिष्क गतिविधि को मापने के लिए एफएमआरआई स्कैनर का इस्तेमाल किया। चिंता न करें - अध्ययन के दौरान कुत्तों की अच्छी तरह से देखभाल की गई। वे किसी भी समय स्कैनर से बाहर निकलने के लिए स्वतंत्र थे, और अध्ययन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के प्रयोगशाला पशुओं की देखभाल और उपयोग के लिए गाइड के अनुसार किया गया था।



अध्ययन से पता चला है कि कुत्तों में सिखाए गए शब्दों का एक अल्पविकसित तंत्रिका प्रतिनिधित्व होता है। जब वे अपरिचित शब्दों को सुनते हैं तो उनका मस्तिष्क अधिक सक्रिय होता है, जबकि उन्हें पहले से ही सिखाए गए शब्द नहीं होते। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि हमारे कुत्ते लोगों को खुश करने वाले होते हैं। वे नए शब्द को समझने, हमारी प्रशंसा पाने और ट्रीट पाने की उम्मीद में उस पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। और कौन सा कुत्ता ट्रीट पसंद नहीं करता?

करंट कॉमिक - न्यू एडिशन

कॉन्सेप्ट
दीपक भाटी
डिजाइन
नरेश शर्मा

प्रस्तुति करंट क्राइम

# भाजपा महिला मोर्चा में जग गए शहर सीट से विधायक बनने के अरमान

घोड़े पर सवार होकर **रेणु चंदेला** महिला टीम की चाहत का पैगाम लेकर भगवा कमांडर **संजीव शर्मा** के पास पहुंचीं ।




**रेणु चंदेला** भगवा कमांडर से पॉजिटिव संदेश लेकर चली गईं, लेकिन विपक्ष की महिला नेताओं को बात बनाने का पूरा मौका मिल गया ।




दस महिला नेताओं के बीच हुई मीटिंग की भनक पूर्व अध्यक्ष **पूनम कौशिक** को लग गई।




पूर्व मेयर **आशा शर्मा** को उनके पति सोशल चौकीदार माहौल को भांपकर सलाह देते हुए ।




नोट : **दैनिक करंट कॉमिक** की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।

जारी है........

# छोटा हरिद्वार मुरादनगर पहुंचे मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त ने कांवड़ महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह तथा मंडल आयुक्त सेल्वा कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से छोटा हरिद्वार पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

मौके पर सिंचाई विभाग व अन्य संबंधित विभाग भी उपस्थित रहे, शिव भक्तों तथा कांवड़ियों को मुरादनगर छोटा हरिद्वार पर स्नान करने में पूजा अर्चना करने में सुविधा बनी रहे। आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए जिसमें रोड की मरम्मत के साथ-साथ आवश्यकतानुसार बाउंड्री वॉल करने के लिए भी निर्देश दिए गए, संबंधित टीम को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए भी कहा गया।







## कांवड़ यात्रा महोत्सव हेतु किया गया बैठक का आयोजन

**करंट क्राइम।** मुरादनगर से होते हुए सभी अधिकारियों ने पाइपलाइन मार्ग का भी निरीक्षण किया, जिसको पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने के साथ-साथ प्रकाश युक्त करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा कहा गया। मंडलायुक्त महोदया द्वारा कांवड़ यात्रा सुखद रहे इसके लिए समस्त उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। गंग नहर पर तथा कांवड़ यात्रा हेतु निर्धारित रूट पर आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग करने के लिए भी निर्देशित किया गया। कांवड़ यात्रा महोत्सव हेतु बैठक का आयोजन भी गंगाजल गेस्ट हाउस में किया गया जिसमें अधिकारियों द्वारा कांवड़ रूट का निरीक्षण करते हुए मार्गों को अतिक्रमण मुक्त, गड्ढा मुक्त तथा प्रकाश युक्त बनाने की कार्य योजना बनाई। मौके पर सिंचाई, एनसीआरटीसी, जिला पंचायत, एड मुरादनगर नगर पालिका, बिजली विभाग व अन्य संबंधित विभाग उपस्थित रहे।

# इंदिरापुरम के सातों पार्षदों ने निगम के हाउस टैक्स दर बढ़ने का किया विरोध



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को नगर निगम की कार्यकारिणी का चुनाव घ्यन था जिसमे सभी निगम पार्षद मौजूद रहे। इस मौके पर इंदिरापुरम के सातों पार्षद धीरज अग्रवाल, डॉ अनिल तोमर, संजय सिंह, राधे श्याम त्यागी, प्रीती जैन, अनुज त्यागी व हरीश कराकोटी शामिल हुए। सभी सातों पार्षदों ने नगरायुक्त से इंदिरापुरम को निगम को हैंडओवर की बात कही, वही नगरायुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कहा बहुत जल्द इंदिरापुरम हैंडओवर होने जा रहा है। सभी निगम पार्षदों ने एक सुर में बोला की हम हाउस टैक्स की बढ़ने वाली दरों के खिलाफ अपना मत प्रकट किया हैंडओवर, जो एक बहुत पुराना मुद्दा है, लेकिन इंदिरापुरम के विकास के लिए एक जरूरी कदम है। इस पर सातों पार्षदों ने अपना समर्थन जताया और इस पर कोई देरी न हो, इस पर पूरा जोर दिया। कार्य समिति में भाजपा का परचम लहराने के लिए भी सातों पार्षद एकजुट होकर खड़े हुए। इंदिरापुरम में होने वाली समस्याओं को सदन में उठाया गया। उन्होंने कहा कि जीडीए के अधिकारियों इंदिरापुरम के साथ लगातार सौतेले व्यवहार कर रहे है। सभी पार्षदों को पूरी उम्मीद और आशा है, कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इंदिरापुरम को निगम को हस्तांतरित करने के निर्देश पर अधिकारी जल्द ही निर्णय लेंगे। सातों पार्षद कंधे से कंधा मिलाकर इंदिरापुरम के निवासियों के लिए खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जीडीए के सहायक अभियंता ने कई पार्षद के मोबाइल नम्बर भी ब्लॉक कर रखे है।

# सरकारें कर्जदार होती हैं जनता नहीं... स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का संदेश रहा है : जेपी कश्यप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में वृद्धि अनुचित है। नगर निगम द्वारा जिस तरह हाउस टैक्स में वृद्धि की जा रही है, उसको किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता।

समाजवादी पार्टी ने हमेशा जनता हित में ही फैसले किए हैं जिसमें चाहे चुंगी व्यवस्था को खत्म करना हो, सेल टैक्स का सरलीकरण, इंस्पेक्टर राज समाप्त करना आदि। अनेकों ऐसे उदाहरण रहे हैं, लेकिन वर्तमान सरकार के अधिकारी जिस तरह मनमाने ढंग से अपना कार्य कर रहे हैं, जनता उससे बहुत ही परेशान है। जनप्रतिनिधि जिन पर जनता ने विश्वास व्यक्त किया था, उनसे भी किसी तरह का सहयोग नहीं मिल रहा



है। स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जब केंद्र में रक्षा मंत्री थे तब कैबिनेट की मीटिंग में मुरली देवड़ा मंत्री थे। उन्होंने पेट्रोल में पदार्थ की वृद्धि का प्रस्ताव रखा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में बहुत तेजी हो चुकी थी और सरकार की प्राथमिकता तेल के रेट बढ़ाने की थी।

तब नेताजी ने उस वृद्धि का विरोध किया और पूरी कैबिनेट को उन्होंने समझा दिया की सरकारें भले ही कर्जदार हो जाएं जनता नहीं। जनता जनार्दन का हित ही सर्वोपरि होना चाहिए। कैबिनेट की मीटिंग में उस तेल वृद्धि के अइँ ीइी२ को रोक दिया गया था। एक कहावत रही है कि जस करनी तस देह देहू दाता, जिस जनता ने वर्तमान सरकार के जनप्रतिनिधियों पर विश्वास किया था, आने वाले समय में यही जनता इनको अच्छा सबक सिखाएगी।

# 1 लाख, 45 हजार पौधरोपण के लिए निगम की तैयारियां हुईं पूर्ण

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लिया व्यवस्थाओं का जाएजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत अभियान के रूप में पौधरोपण की तैयारी की गई है। लगभग 1,45,000 पौधरोपण अलग-अलग स्थान पर किए जाएंगे।

लगभग 1200 पार्कों को चिन्हित किया गया है। गड्ढे खोदने का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा सड़कों के किनारे खाली मैदान में जन सहयोग से बृहद अभियान के रूप में पौधरोपण किया जाएगा। नगर आयुक्त ने अधिकारियों सहित की जा रही तैयारी का जायजा लिया गया।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहरवासियों हेतु स्वच्छ पर्यावरण बनाने के प्रयास में निगम जुटा हुआ है, जिसके लिए अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए जन-जन को जागरूक किया गया है। इसी क्रम में माननीय पार्षदों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अभियान के रूप में पौधरोपण किया जाएगा। बनने वाले बायोडायवर्सिटी पार्क के पास साइ उपवन के पीछे लगभग एक एकड़ भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा, जिसका निरीक्षण किया गया। उक्त स्थान पर काफी कूड़ा था जिसको हटाकर तैयारी की गई है। लगभग 5000 पौधे लगाए जाएंगे। सभी पौधे फलदार होंगे जिसके लिए गड्ढे खोदे गए हैं। आम, बेलपत्र, जामुन, अमरूद, अन्य फल के पौधे विशेष रूप से लगाए जाएंगे।

## सांई उपवन के पीछे बनेगा फलदार वृक्षों का वन





## सामाजिक संस्थाओं ने ली पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी

उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार पौधरोपण की तैयारी पूर्ण की जा चुकी है। शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति करते हुए उधर ओपन किया जाएगा। लगभग 1,45,000 पौधे लगाए जाएंगे। कई सामाजिक संस्थाएं भी निगम का सहयोग करेंगी। पौधों को लगाने के साथ-साथ उनका जीवित रखने का उद्देश्य रखते हुए कई आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व सामाजिक संस्थाएं पौधों को वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी भी ले रही हैं। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अवनिंद्र कुमार, डॉ. मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य उद्यान की टीम उपस्थित रही।

# डीसीपी सिटी राजेश कुमार का इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ ने किया स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में पुलिस उपायुक्त (नगर) के पद पर आए राजेश कुमार का अउआ, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी एलुमनी एसोसिएशन की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में अउआ के महासचिव नवीन चन्द्रा, कार्यकारिणी सदस्य वाईपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी और उप सचिव आलोक सिन्हा शामिल थे। गौरतलब है कि राजेश कुमार इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विषय के छात्र रहे हैं। इससे पहले वे लखनऊ में सेवारत थे। नगर पुलिस उपायुक्त पद पर कार्यरत कुंवर ज्ञानंजय सिंह का निकटतम जनपद हापुड़ में पुलिस अधीक्षक पद पर स्थानांतरण हो गया है। वे भी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुराछात्र और अउआ के उपाध्यक्ष रहे हैं। दोनों पुरा छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए अउआ कामना करता है।

# रेपिड किट से जांच के लिए स्टाफ नर्स व एएनएम को दिया प्रशिक्षण

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संचारी रोगों की जांच के लिए गुरुवार को स्टाफ नर्स व एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया के बारे में जानकारी दी गई। मरीज की लक्षण के आधार पर जांच करने पर जोर दिया। जांच के आधार पर उपचार शुरू करने के भी निर्देश दिए गए। सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. शिवी अग्रवाल, डॉ. सुरूची सैनी समेत अन्य अधिकारियों ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर रैपिड किट से जांच के लिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान संचारी रोगों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत की जा चुकी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया हेतु रक्त के नमूने लिए जाना, रैपिड कार्ड से जांच करना, रक्त पट्टिकाओं की स्टेनिंग एवं रक्त पट्टिकाओं की माइक्रोस्कॉपी जांच करने संबंधित जानकारी दी गई।

# नोएडा में रिश्वत लेने वाले पुलिस कर्मी पर एफआईआर

**नोएडा।** नोएडा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस कमिश्नर ने एक और बड़ा एक्शन लिया है। दरअसल नोएडा में एक वीडियो वायरल हुआ। ये वीडियो एसीपी कोर्ट का है। इस मामले में आरोप है कि मोहर्रिर ने केस की तारीख को आगे बढ़ाने के लिए 2000 रुपए की रिश्वत ली। वीडियो में मोहर्रिर पैसा लेता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसे टेबल के नीचे गिन रहा है। पूछ भी रहा है कितने रुपए है। वीडियो वायरल होने पर पुलिस कमिश्नरेट ने सख्त एक्शन लेते हुए। रिश्वत लेने और देने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रिश्वतखोरी के एक मामले में पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए हैं। इसका एक वीडियो सामने आया, जिसके आधार पर जांच हुई। जांच के बाद मुकदमा दर्ज हुआ है। दरअसल ये वीडियो 11 जुलाई का




है। जिसमें एसीपी कोर्ट में तैनात मोहर्रिर ने केस की तारीख लंबी लगाने के लिए रिश्वत ली थी।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत फेज-1 थाने में इस मामले में केस दर्ज किया गया। रिश्वत लेने वाले आरक्षी राहुल के खिलाफ केस दर्ज किया गया और दोनों की गिरफ्तारी की गई। आपको बता दें कि इससे पहले भी भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिस कर्मियों के खिलाफ एक्शन लिया गया है।

# जनप्रतिनिधियों के साथ आज जीडीए करेगा पौधरोपण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** आज एक दिवसीय बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम (एक पेड़ मां के नाम) का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में




शैक्षणिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए पर्यावरणविद, पार्षदगण, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री के साथ-साथ शहरवासियों को भी शामिल किया गया है। प्राधिकरण द्वारा इन्दिरापुरम योजना स्थित शक्ति खण्ड-4 की ग्रीन बैल्ट तथा मधुवन-बापूधाम योजना में आरओबी के निकट हरित पट्टी में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसकी जानकारी जीडीए मुख्य अभियंता मानवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा दी गई।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद, करंट क्राइम। ये भी एक अजब इत्तफाक है कि डॉ उदिता त्यागी फूल वाली पार्टी से हैं और उन्हें लगाव काटों से है। वो अपनी फेवरेट कैक्टस नर्सरी में पहुंची और बताया कि राज ए गुलशन समझ में तभी आयेगा जब आपका दामन कांटो से उलझ जायेगा। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।